हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026



# खरीफ फसलों में बड़ा बदलाव, धान का रकबा घटा...अन्य फसलों की खेती बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में आगामी खरीफ सीजन 2026 के लिए कृषि विभाग ने विकासखंडवार फसलों के क्षेत्र आच्छादन का प्रस्तावित लक्ष्य तय कर लिया गया है। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस बार जिले में पारंपरिक रूप से की जाने वाली धान की खेती के रकबे में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि दलहन, तिलहन और अन्य नकदी फसलों के रकबे को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। कृषि विभाग के इस कदम का मुख्य उद्देश्य फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और किसानों की आय में वृद्धि करना है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस साल जिले में धान का प्रस्तावित लक्ष्य पिछले साल के मुकाबले काफी कम रखा गया है। पिछले वर्ष यानी खरीफ सीजन 2025 में जिले में 175644 हेक्टेयर में धान की फसल ली गई थी, जिसे इस बार घटाकर 172601 हेक्टेयर प्रस्तावित किया गया है। इस प्रकार इस साल धान के रकबे में 5702 हेक्टेयर की कमी की गई है। इसके विपरीत कृषि विभाग ने धान के अलावा अन्य फसलों के रकबे में बड़ी बढ़ोत्तरी की है। पिछले साल धान को छोड़कर बाकी सभी फसलों का कुल रकबा 8315 हेक्टेयर था, जिसे इस साल बढ़ाकर 14314 हेक्टेयर किया गया है। इसका मतलब यह है कि इस बार धान के अलावा अन्य फसलों के क्षेत्र में 5999 हेक्टेयर की शानदार बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इसमें दलहन फसलों के अंतर्गत अरहर, मूंग और उड़द के साथ-साथ तिलहन फसलों में मुख्य रूप से सोयाबीन के रकबे को काफी बढ़ाया गया है।

## प्रदेश सरकार अन्य फसल लगाने पर देगी पंद्रह हजार रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि

### सभी ब्लॉक में धान की खेती घटेगी, अन्य फसल पर जोर

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लगातार एक ही फसल लेने से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है, इसलिए किसानों को दलहन और तिलहन फसलों की ओर प्रेरित किया जा रहा है। जिले के चारों विकासखंडों राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ और छुरिया में इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जमीनी स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है।



### अन्य फसल का रकबा बढ़ा

इस बार कुल खरीफ फसलों का रकबा भी पिछले साल के 183346 हेक्टेयर से थोड़ा बढ़कर 183643 हेक्टेयर तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें धान के रकबे की स्थिति देखी जाए तो पिछले साल धान का रकबा 1,75,030.600 हेक्टेयर था, जो इस साल 1,69,328.600 हेक्टेयर प्रस्तावित है। इसमें लगभग 5,702 हेक्टेयर की कमी देखने को मिल रही है। वहीं अन्य फसलों में बढ़ोत्तरी हुई है, जहां पिछले साल का रकबा 8,315.740 हेक्टेयर था। इस साल का प्रस्तावित लक्ष्य: 14,314.404 हेक्टेयर है। ऐसे में धान के अलावा अन्य फसल में 5,998.664 हेक्टेयर का इजाफा देखने को मिलेगा।

## शहर में 26 सौ भवनों का निर्माण, 15% पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं

# निजी के साथ सरकारी भवनों में भी वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


तेजी से गिरते भू-जल स्तर को लेकर नगर निगम चिंतित दिखाई दे रहा है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से भू-जल स्तर को बनाए रखने के लिए 150 वर्ग मीटर से अधिक के मकान में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग करने को लेकर सख्ती बरती जा रही है। बारिश पूर्व सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को दुरूस्त कर इस बारिश में बेहतर वाटर रिचार्जिंग के लिए कार्य किया जा रहा है।

कहा जाता है कि जल बचेगा तभी कल बचेगा, आने वाले कल को बचाने के लिए आज जल बचाने नगर निगम द्वारा विशेष तौर पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर कार्य किया जा रहा है। तेजी से गिरते भू-जल स्तर और आने वाले समय में पानी की समस्या को ध्यान में रखते जल संवर्धन करने की दिशा में सभी शासकीय और निजी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग किया जाना अनिवार्य है, लेकिन इसके बावजूद कुछ भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नजर नहीं आता है। निजी मकान और संस्थानों में भवन अनुज्ञा के दौरान ही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण की राशि जमा कर ली जाती है, ताकि उक्त मकान अथवा भवन में वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित हो सके, लेकिन शासकीय भवनों के निर्माण के दौरान कई बार संबंधित ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जाती है। कुछ भवन में तो हार्वेस्टिंग सिस्टम भी ठीक तरीके से नहीं बनाया जाता है, ऐसे में अब शासकीय भवनों को लेकर नगर निगम द्वारा सभी विभाग प्रमुखों को एक पत्र के माध्यम से उनके कार्यालय भवन में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थिति को लेकर जानकारी मांगी जा रही है।

### पत्र भेजा जा रहा

भू-जल स्तर को बेहतर करने नगर निगम क्षेत्र के नए भवनों में बगैर वाटर हार्वेस्टिंग के पूर्णत: प्रमाण पत्र जारी नहीं होगा, शासकीय भवनों को लेकर पत्र लिखा जा रहा है।

-**अतुल विश्वकर्मा**, आयुक्त, नगर निगम



### 2199 भवन में ही रेन हार्वेस्टिंग

150 वर्ग मीटर से अधिक में निर्मित भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग करना अनिवार्य है। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2011 से लेकर अब तक 150 वर्ग मीटर से अधिक के 2600 भवन का निर्माण हुआ है। जिसमें से 2199 भवनों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया गया है, यानी लगभग 85 प्रतिशत भवनों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग हुआ है।

### शासकीय भवनों में स्थिति खराब

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कई शासकीय भवन ऐसे भी हैं, जहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग तो किया गया था, लेकिन वर्तमान में उसकी स्थिति खराब हो चुकी है। हार्वेस्टिंग सिस्टम काम नहीं कर रहा है, कई जगह पाइप टूटे-फूटे हैं। ऐसे में अब इन शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को दुरुस्त करने को लेकर नगर निगम द्वारा एक पत्र जारी किया जा रहा है, जो लगभग सभी विभागों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के निर्माण और वर्तमान में उसके कार्यशीलता को लेकर है। जिसमें पत्र के 7 दिवस के भीतर इस संबंध में जानकारी मांगी जा रही है।

### 2114 निजी भवन, 17 सौ में ही हार्वेस्टिंग सिस्टम

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2011 के पश्चात 2 जून 2026 तक 150 वर्ग मीटर से अधिक के भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर मिले आंकड़ों के अनुसार निगम क्षेत्र में कुल 2114 निजी भवन है। जिसमें 1713 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किया गया है। वहीं 401 भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य बचा हुआ है। इसी तरह शहर में 150 वर्ग मीटर से अधिक 406 विभिन्न शासकीय भवन की संख्या है। जिसमें सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है।

# बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस ने फूंका सीएम का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक जुलाई से होने जा रहे बिजली की दरों में वृद्धि को लेकर अब कांग्रेस भी एक्शन मोड में आ गई है। इस होने वाली बढ़ोत्तरी के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बिजली दफ्तर का घेराव किया गया। प्रदर्शन के दौरान सीएम विष्णुदेव साय का पुतला जलाते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बिजली दरों में बढ़ोतरी के मामले को लेकर बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैलाश नगर स्थित सीएसईबी कार्यालय का घेराव किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए बिजली दफ्तर में पहुंचे और बढ़ी हुई बिजली की दरों का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के सामने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। कांग्रेस के इस प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, धनेश पटिला, रमेश डाकलिया, विपिन यादव, मामराज अग्रवाल, भागवत साहू,झम्मन देवांगन, रुपेश जोशी, रूबी गरचा, रूपेश दुबे, अनीश खान, मेहुल मारू, सूर्यकांत जैन, माया शर्मा, अमित खंडेलवाल, पदम कोठारी, कुसुम दुबे, पूर्णिमा नागदेवे, रज्जू जॉन, डॉ. आर कुमार, विनय झा, ऋषि शास्त्री, पप्पू धकेता, अब्बास खान, सुरेंद्र देवांगन, मोहन साहू, गोलू नायक, संदीप सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।



### परिसर के भीतर घूसे कांग्रेसी

कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया था, लेकिन कांग्रेसियों को विद्युत विभाग परिसर के भीतर घुसने से पुलिस नहीं रोक पाई। कांग्रेसियों में यहां बिजली दरों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री का पुतला जलाने में भी सफल हो गए।

### सभी पर आर्थिक बोझ

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार मध्यम व गरीब वर्ग पर महंगाई का बोझ लादे जा रहा है। भाजपा सरकार ने बिजली की दरें बढ़ाकर आम जनता की जेब में डाका डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि निरंतर बिजली दरों में वृद्धि करने का काम साय सरकार कर रही है। जनता पर इसका आर्थिक बोझ पढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार बढ़ी हुई बिजली की दरें वापस नहीं लगी, तब तक इस मामले में प्रदर्शन जारी रहेगा।

### कृषि बिजली दरें बढ़ी

कांग्रेस द्वारा अपने प्रदर्शन के दौरान कहा गया कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट, गैर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट दर की बढ़ोतरी की गई है। वहीं किसानों के कृषि विद्युत दर में 40 पैसे की वृद्धि कर अन्नदाताओं की कमर तोड़ने का प्रयास प्रदेश की सरकार ने किया है। अपने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के द्वारा मध्यमवर्गीय परिवारों में आ रहे हजारों रुपए के बिजली बिल को विभागीय अधिकारियों के समक्ष दिखाया और स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया।

**0 राजनांदगांव।** भीषण गर्मी के चलते लोग हलाकान है। हालांकि हल्की बूंदा बांदी का दौर भी जारी हो चुका है, जिससे कुछ देर के लिए गर्मी से राहत जरूर मिल रही है, लेकिन बाद में उमस भरी गर्मी से जूझना पड़ रहा है।

### माय एंगल




# सुशासन तिहार में संकुल समन्वयक के खिलाफ ग्रामीणों व पालकों ने दर्ज कराई दर्जनों शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक मई से 10 जून तक जिले में आयोजित किए गए सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने शिक्षक सुनील वर्मा के खिलाफ दर्जनों शिकायत की है। बोटेपार संकुल में पदस्थ शिक्षक सुनील वर्मा पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सरपंच समेत बड़ी संख्या में पालकों और ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार यह शिक्षक लंबे समय से बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल ही नहीं आ रहे हैं, जिससे बच्चों का शैक्षणिक स्तर लगातार गिरता जा रहा है।

उक्त विद्यालय में प्रधान पाठक समेत कुल चार शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें विज्ञान, कला, गणित के लिए प्रधान पाठक और अंग्रेजी विषय के लिए सुनील वर्मा की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही उन्हें संकुल समन्वयक की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। विभाग के कड़े आदेश हैं कि संकुल समन्वयक का काम देखने के साथ-साथ सुनील वर्मा को अपने मूल स्कूल में हर दिन कम से कम दो पीरियड बच्चों को पढ़ाना अनिवार्य है। इसके बावजूद वे इस आदेश को पूरी तरह दरकिनार कर स्कूल से नदारद रहते हैं।

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि वे न तो संकुल केंद्र में उपस्थित रहते हैं और न ही स्कूल में दिखाई देते हैं। इस गंभीर लापरवाही से बच्चों का भविष्य अंधकार में डूब रहा है, जिसके कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने विभाग से शिक्षक के खिलाफ तत्काल कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है।

### जिम्मेदारी से गायब

विभाग के नियमानुसार संकुल समन्वयक सुनील वर्मा को अपने प्रशासनिक कार्यों के साथ स्कूल में दो कालखंड अंग्रेजी पढ़ाना अनिवार्य है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि वह न तो संकुल कार्यालय की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और न ही स्कूल में बच्चों को पढ़ाने पहुंच रहे हैं। इस दोहरी लापरवाही का खामियाजा सीधे तौर पर बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

### पालकों से दुर्व्यवहार का आरोप

पालकों और शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि जब भी स्कूल की बैठकों में बच्चों की पढ़ाई का मुद्दा उठाया गया, तो शिक्षक सुनील वर्मा ने अपनी गलती सुधारने के बजाय ग्रामीणों के साथ कई बार अमर्यादित और खराब व्यवहार किया। शिक्षक के इस रवैये से अब पूरे गांव के नागरिकों में भारी नाराजगी है।

# किसानों का धान खरीद कर सालभर बाद भी नहीं किया 20 लाख का भुगतान, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम बांधाबाजार स्थित मुरारी ट्रेडर्स के संचालक मुरारी खंडेलवाल पर किसानों ने सालभर पहले लगभग 20 लाख रुपए का धान खरीदने के बावजूद आज तक राशि का भुगतान नहीं किए जाने का आरोप लगाते भुगतान कराने के संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, मोहला-मानपुर-चौकी जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रकाश राठौर की अगुवाई में कलेक्टर के नाम एडीएम मरकाम को एवं गबन का अपराध दर्ज कराने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है।

पुलिस अधीक्षक तथा एडीएम जीआर मरकाम को सौंपे गए ज्ञापन में पीड़ित किसान ताराचंद साहू निवासी ग्राम पंडरीतराई, सुशील कुमार देवनारायण तथा सुहागाबाई निवासी ग्राम संबलपुर ने लिखित शिकायत में बताया कि उन्होंने ग्राम बांधाबाजार स्थित मुरारी ट्रेडर्स के



संचालक मुरारीलाल खंडेलवाल के पास जून 2025 में धान की बिक्री की थी। जिसकी राशि 8 लाख 69 हजार 400 रुपए है। किसानों का कहना है कि मुरारी खंडेलवाल के पास मंडी लाइसेंस होने के कारण उन्होंने उसके पास धान की फसल बेची थी। लगभग सालभर का समय बीत रहा है। मुरारी खंडेलवाल ने उनके साथ छल करते उन्हें बेचे गए धान की राशि का भुगतान नहीं किया है। जिससे उन्हें आर्थिक, शारीरिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं खेती के कामों में आर्थिक परेशानी हो रही है। किसानों ने राशि का भुगतान शीघ्र कराए जाने की मांग की है।

### धमकी दे रहा व्यापारी

इसी प्रकार सत्रोहन साहू, नरेंद्र साहू, विजय सिंह, महेंद्र, श्याम शाह उईके, सुरेंद्र दमगड़े, जितेंद्र कुमार तथा गंगाराम यादव ने बताया कि उन्होंने भी लगभग सालभर पहले मुरारी ट्रेडर्स के संचालक मुरारीलाल खंडेलवाल के पास अपने-अपने हिस्से की कुल लगभग 11 लाख 27 हजार 900 रुपए का धान बेचा था। जिसकी राशि का भुगतान भी उन्हें अब तक नहीं किया गया है। किसानों ने अधिकारियों को बताया कि राशि की मांग करने पर वह धमकी देते हैं कि जाओ जो करना है कर लो, राशि नहीं दूंगा, इसलिए भी पीड़ित किसान राशि का भुगतान शीघ्र कराए जाने की मांग की है। साथ ही गबन का अपराध दर्ज कराने की मांग रूपी शिकायत चौकी थाना में भी की है।

## अब 23 जून को शपथ ग्रहण आयोजन की तैयारी!

# घुमका नगर पंचायत में अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण अचानक रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत चुनाव में जीत हासिल करने के बाद अब शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरु हो गई। अध्यक्ष सहित पार्षदों का आज गुरुवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाना था, लेकिन अचानक एक दिन पहले यह आयोजन रद्द हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार आज गुरुवार को सभी के शपथ ग्रहण को लेकर आयोजन की तैयारी की जा रही थी। बताया गया कि अतिथियों को समारोह को लेकर निमंत्रण भी दिया जा चुकां था। लेकिन अंत समय में प्रशासन की तरफ से प्रक्रिया पूरी नहीं होने का हवाला देकर आयोजन को आगे बढ़ा दिया गया है। हालांकि अभी आगे की तारीख तय नहीं की गई है, लेकिन ऐसा बताया जा रहा है कि अगले सप्ताह ही शपथ ग्रहण का समारोह आयोजित कर लिया जाएगा। जिसमें पार्षद सहित अध्यक्ष का शपथ ग्रहण होगा।

**उपाध्यक्ष चुनने मचेगा घमासान**

ज्ञात हो अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण के बाद ही उपाध्यक्ष पद के चयन को लेकर प्रक्रिया की जाएगी। घुमका नगर पंचायत के 15 वार्ड में दस वार्ड में भाजपा प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है, यहीं कारण है कि उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा होना सुनिश्चित माना जा रहा है। हालांकि यहां उपाध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस भी अपना खेल खेलने से पीछे नहीं रहेगी। सभी की नजर उपाध्यक्ष चुनाव पर भी होगी।

### पूर्व सीएम और कांग्रेस अध्यक्ष होंगे अतिथि

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में अतिथि के रुप में पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शामिल होंगे। इन दोनों को ही अध्यक्ष फूलमती वर्मा की तरफ से निमंत्रित भी किया जा चुकां है। बताया गया कि आने वाले दिन में जब भी इसका आयोजन होगा उसमें यह दोनों नेता ही अतिथि के रुप में शामिल होंगे।






## खबर संक्षेप



### पीएम सुरक्षा बीमा से मिले दो लाख

**खड़गाँव।** स्व श्याम लाल मंडावी की पत्नी सुनीता मंडावी को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा क्लेम के तहत दो लाख का चेक छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के माध्यम से मिला है। बहुत कोशिश करने के बाद नीलिमा जैन ने बीमा का लाभ दिलाया है। उन्होंने बैंक मैनेजर तीशांत धुर्वे, केशियर मुकेश कुमार मीना और नीलिमा जैन का आभार व्यक्त किया है।

### निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ

**टाटेकसा।** संचालनालय आयुष विभाग के निर्देशानुसार तथा जिला



आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर कनेरी में 17 जून से 21 जून तक निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है। सरपंच मदनलाल यादव ने पंचों, मितानिनों एवं ग्रामवासियों की मौजूदगी में भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर का संचालन प्रभारी चिकित्सक डॉ. मेघा मेश्राम, फार्मासिस्ट दिलीप साहू, योग प्रशिक्षक करुणा सुरसावंत एवं शैलेन्द्र कंवर द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर ग्रामीणों को योग से मिलने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ की जानकारी दी गई।

# चकनार को शराब मुक्त बनाने का प्रस्ताव, ग्रामीणों ने उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार के ग्रामीणों ने शराब के दूष्प्रभावों को देखते हुए बड़ा कदम उठाया है।

ग्रामीणों ने लामबंद होकर शराब की ब्रिकी एवं पीने पिलाने पर प्रतिबंध लगाया है। नियम की अवेलहना करने पर आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है।

पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने प्रस्ताव पारित किया है कि शराब के कारण गांव में आए दिन विवाद हो हो रहा है।

## अवैध शराब की बिक्री से बिगड़ रहा था गांव का माहौल, बिखर रहे थे परिवार

### महिलाओं में हर्ष

ग्रामीणों के एक मत होकर बनाए गए नियम को लेकर महिलाएं काफी हर्षित है। वंदना पटेल, लता बाई, हेमिन, लक्ष्मी आदि ने बताया कि महिलाएं लंबे समय से शराब का विरोध कर रही थी। कई बाद प्रदर्शन भी किया गया किन्तु सफलता नहीं मिल रही थी।



### धार्मिक आस्था को रखा ध्यान में

सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने बताया कि पंचायत में नर्मदा मैय्या का स्थल है। यहां हजारों श्रद्धालुओं अपनी आस्था प्रकट करने पहुंचते हैं। लोगों की आस्था को ध्यान में रखकर यह नियम बनाया गया है। धार्मिक स्थल में शराबखोरी लोगों की भावना को आहत हो रही थी।

### आदर्श पंचायत बनाने का प्रयास

उपसरपंच डोगेन्द्र सोरी ने बताया कि पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने की लक्ष्य है जिसके लिए शराब की बिक्री एवं पीने पिलाने पर रोक लगाना आवश्यक है। नर्मदा का शराब को लेकर बदनाम हो रहा था। लोगों को जागरूक कर नियम बनाया गया है। ग्रामीणों ने फैसले का स्वागत किया है।

अपराध बढ़ रहे है और शराबखोरी के कारण परिवार बिखर रहे है। ग्रामीणों ने हालातों को देखते हुए शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया। उन्होंने एवं पिलाने पर भी रोक लगाया है। शराब बेचने की सूचना देने वाले को पुरस्कार देने की भी योजना है। पंचायत क्षेत्र शराब बेचने की पुष्टि होने पर 20 हजार अर्थदंड तय किया गया है। खरीदने वाले को 10 हजार देना होगा। कहीं अन्य से शराब लाकर पीने पर एक हजार अर्थदंड का प्रस्ताव किया गया है।

## सूखत के आंकड़ों पर किसानों को संदेह

# धान के सूखत पर उठे सवाल जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विभिन्न धान खरीदी समितियों में सामने आया सूखत का आंकड़ा किसानों और जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। मेढ़ा के बाद पनियाजोब और रामाटोला धान खरीदी केंद्रों में दर्ज सुखत की मात्रा पर सवाल उठने लगे हैं। किसानों का कहना है कि जब धान का उठाव समय पर हो चुका था और भंडारण के दौरान धान स्वाभाविक रूप से सूख गया था, तब इतनी अधिक मात्रा में सुखत दर्ज होना जांच का विषय है।

मेढ़ा धान खरीदी केंद्र में खरीदे गए धान और भंडारण में अंतर सामने आने के बाद मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठी थी। इसके बाद अन्य समितियां भी चर्चा में आ गई हैं।

पनियाजोब धान खरीदी केंद्र में लगभग 60 हजार क्विंटल से



अधिक धान की खरीदी की गई। रिकॉर्ड के अनुसार अधिकांश धान का उठाव हो चुका है, वही सैकड़ों क्विंटल धान सूखत के रूप में दर्ज किया गया है। किसानों का तर्क है कि बड़े किसानों को टोकन जनवरी के बाद जारी किया गया था तब तक धान पर्याप्त सूख चुका था ऐसे में सूखत की मात्रा संदेहजनक है। इसी प्रकार रामाटोला धान खरीदी केंद्र के आंकड़े भी चर्चा में हैं। यहां भी बड़ी मात्रा में सूखत दर्ज किया गया है।

### उठी जांच की मांग

किसानों, जनप्रतिनिधियों आदि ने खरीदी मात्रा, उठाव तथा सूखत के मामले की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच से यह स्पष्ट हो सकेगा कि सूखत स्वाभाविक प्रक्रिया का परिणाम है या फिर अनियमितता हुई है। अधिकारियों का कहना है कि धान भंडारण और परिवहन के दौरान कुछ सूखत दर्ज होना सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है।

### परिवहन में विलंब से सूखत बढ़ा

कांग्रेस ने मेढ़ा सेवा सहकारी समिति में 904 क्विंटल धान की कमी को लेकर हेराफेरी का आरोप लगाते हुए एसडीएम को आवेदन दिया था। सेवा सहकारी समिति मेढ़ा के प्राधिकृत अधिकारी चंद्र कुमार देवांगन ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने बताया कि 2025-26 मे कुल 96285 क्विंटल धान खरीदा गया था। तीन माह तक धान का उठाव नहीं हो पाया था जिसके चलते 904 क्विंटल धान सूखत आया है जो धान कुल खरीदी का एक प्रतिशत भी नहीं है जबकि अन्य सोसायटियों मे तीन से चार प्रतिशत धान में कमी हो सकती है। उन्होंने लगाए गए आरोप को मनगढ़ंत बताते हुए निंदा की है।

# खाद-बीज के लिए कांग्रेस का पैलीमेटा में धरना प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

किसानों को खाद, बीज नहीं मिलने, डीजल पेट्रोल की कीमत में वृद्धि और पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलने के विरोध में किसान कल गुरूवार को दोपहर 12 बजे से पैलीमेटा के मुख्य चौक में धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्काजाम करेंगे।जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा, इंका के जिला महामंत्री लाल रोहित सिंह पुलस्त्य एवं जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू के नेतृत्व में किसान प्रदर्शन करेंगे।

विजय वर्मा ने बताया कि किसान हितैषी होने का दावा करने वाली सरकार के राज में किसान काफी परेशान है। किसान को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। किसान खाद के लिए भटक रहें हैं। वहीं दुकानों में डीएपी, यूरिया सहित अन्य खाद का पर्याप्त स्टाक है जिसे डेढ़ से दो गुना दाम पर बेचा जा रहा है। श्री वर्मा ने जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

### सोसायटी में खाद नहीं

वनांचल के किसानों को अब तक खाद नहीं मिलने से वह परेशान हैं। खाद के लिए रोज सोसायटी का चक्कर काट रहे हैं। ठाकुरटोला सोसायटी में डीएपी खाद नहीं है तो पैलीमेटा सोसायटी में मात्र 30 टन डीएपी खाद उपलब्ध कराया गया है। किसानों की मांग के मुताबिक विभाग से खाद मंगाया गया था परन्तु अब तक खाद नहीं पहुंची है। जानकारी अनुसार यहां डीएपी, राखड़, पोटाश, यूरिया की 30 से 90 टन के मध्य मांग किया गया था जिसके विरूद्ध केवल यूरिया लगभग 54 टन उपलब्ध कराया गया है। डीएपी सहित अन्य खाद की पूर्ति नहीं हुई है।

### बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन आज

डोंगरगांव। अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कल कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे मुख्यमंत्री का पुतला दहन भी किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण आम जनता, किसान एवं व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन में सभी से शामिल होने की अपील की गई है।

### दोगुना दाम में बिक रही खाद, परेशान किसान

खड़गांव। क्षेत्र में खाद की खुलेआम कालाबाजारी की जा रही है। किसानों ने बताया कि सोसायटी द्वारा पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं दिया जा रहा है। वही कमी का हवाला देकर खाली भेज दिया जा रहा है। कुछ किसानों ने बताया कि सोसायटी द्वारा कुछ चिन्हित किसानों को घर पहुंचाकर खाद दिया जा रहा है उन्हे भरपूर मात्रा में खाद दी जा रही है जबकि अन्य किसानों को खाद नहीं दिया जा रहा है। किसानों ने यह भी बताया कि बाजार में खुलेआम कालाबाजारी करते हुए खाद को 550 बोरी की दर से बेचा जा रहा है जबकि वास्तविक मूल्य 233 रुपए है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में खाद सिंडीकेट सक्रिय है जो खाद की कालाबाजारी कर रहा है। किसानों ने प्रशासन ने ऐसी व्यवस्था करने की मांग की है जिससे उन्हे खाद बीज आसानी से मिल सके।

# स्पर्धा में उपलब्धियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा महिला मोर्चा ने 12 साल बेमिसाल अभियान अंतर्गत विविध रचनात्मक एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया।



अध्यक्ष उमा चौबे ने बताया कि सरकार की उपलब्धियों पर आधारित रंगोली, पेंटिंग, व्यंजन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने रंगों, कला, शब्दों के माध्यम से योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में ज्योति जंघेल, गिरजा चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. विशेष साहू, घम्मन साहू, शशांक ताम्रकार, दिनेश वर्मा, प्रीति यादव, ज्योति पटेल, वंदना वर्मा, डाली तिवारी, रविका नागवंशी, शकुन यादव, पार्वती साहू, ज्योति साहू, देविन कोटले, गरिमा तिवारी, रितु साहू, प्रेमीन साहू, जानकी कोटले, नीरा वर्मा, कविता वर्मा, पूजा यादव, ऋतिका साहू, मीरा वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन प्रीति यादव एवं अंत में आभार प्रदर्शन उमा चौबे ने किया।

# मूलचंद व विजेन्द्र को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**डोंगरगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए जिम्मेदारियों का वितरण किया गया है। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं मोर्चा प्रभारी नवीन मार्कंडेय के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने जिला प्रभारी एवं सह प्रभारी की घोषणा की है।जिले के सक्रिय कार्यकर्ता मूलचंद लोधी तथा विजेन्द्र सिंह ठाकुर को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। मूलचंद लोधी को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का प्रभारी नियुक्त



किया गया है वहीं विजेन्द्र सिंह ठाकुर को कबीरधाम जिले का सह प्रभारी बनाया गया है।संगठन के इस निर्णय को दोनों नेताओं की सक्रियता और समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दोनों नेता जमीन से जुड़े रहे हैं। उन्होंने किसानों, युवाओं और ग्रामीणों की नागरिकों की समस्याओं को समझने और समाधान करने का प्रयास करते रहे हैं। संगठन को मजबूत करने के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। दोनों की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मनीष सोनी, घासी साहू, जैन कुमार मेश्राम, सतीश यादव, रमेश सोनवानी, रवि सिन्हा, रामकुमार डडसेना, अजय शर्मा, सोनू कुमार सिन्हा, दिनेश निषाद, रवि यादव, ममता बहेकर आदि ने बधाई दी है।

## पहले दिन बच्चों का स्वागत, किताब और ड्रेस का वितरण

# विद्यालयों में प्रवेशोत्सव की रही धूम





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में प्रवेशोत्सव मनाया गया। एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने बच्चों का स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने नियमित प्रार्थना एवं सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दिया। संगीत शिक्षक डोमेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में प्रेरक गीतों की प्रस्तुति हुई। श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि हर अवसर महत्वपूर्ण होता है और इसका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। प्राचार्य श्री द्विवेदी ने कहा कि नए संकल्प के साथ विद्यार्थियों को अध्ययन में जुट जाना चाहिए। यह जानकारी व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

### सरपंच ने कराया बच्चों का मुंह मीठा

**साल्हेवारा।** प्राथमिक शाला पुरेना में मंगलवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया।सरपंच गीताबाई खरे, गणेशिया बाई, सगुना बाई, तीजन बाई, शाला समिति अध्यक्ष राम किशुन जंघेल, राजकुमार जंघेल, मनोज जंघेल, समयराम खरे आदि ने मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर उत्सव का शुभारंभ किया। कक्षा पहली में समर्थ मानिकपुरी, शौर्य जंघेल,कशिश जंघेल का मुंह मीठा कराते हुए गणवेश दिया गया। प्रधान पाठक तुलेश्वर सेन ने पट्टी और पहाड़ा दिया। श्री सेन ने शालाओं में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया साथ ही मुख्य मंत्री के संदेश का वाचन किया। इस मौके पर अनुसुइया, सुरजा बाई, मानबाई, सुकरिताबाई, सीमाबाई, दुर्गा बाई, सगुना बाई, तीजन बाई गणेशिया बाई, लता बाई आदि मौजूद थे।

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत

प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल आमगांव के तत्वावधान में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली से 8 वीं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सागर दास कांवरे, देवराम ठाकरे, देवकरण सेन, विष्णुराम ठाकरे, प्रीतराम ठाकरे, सौखीलाल निषाद, पंचूराम, सियाराम, मनकराम एवं अवधराम शहरे, रूपावली सोनी, जामवती रोडस्कर, शिव कुमार खुसरो, चंद्रमणि साहू, नरेश चंदेल, कुसुम देवांगन, लक्ष्मी जाम्बुलकर, ओमप्रकाश यद्दु, जितेंद्र वर्मा, देवनारायण जांगड़े सहित अन्य मौजूद थे। संचालन देवकरण सेन ने किया। अंत में श्री खुसरो ने आभार व्यक्त किया।

### नए छात्रों का तिलक लगाकर हुआ स्वागत



गंडई पंडरिया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पैलीमेटा में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल पहुंचे छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। प्रथम दिवस विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें, नोटबुक और गणवेश का वितरण किया गया। इस समारोह में अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन का सबसे सच्चा धन है। ज्ञान का ऐसा खजाना है, जिसे जितना बाँटा जाए, वह उतना ही बढ़ता है। इस अवसर पर सरपंच कुमार पाल, रोशन पाल, नेहरू जंघेल, भुनेश्वर सेन, सुखनंदन साहू, नरेश और राजू पाल उपस्थित थे।

### बालवाड़ी की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

गंडई पंडरिया। पीएम श्री स्व लाल मूरतसिंह खुशरो अंग्रेजी और हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई में नए सत्र से बालवाड़ी शुरू की जा रही है। प्राचार्य पवन कुमार ददरया ने बताया कि प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 17 जून से 30 जून तक चलेगी। बालवाड़ी में कुल 40 सीटें निर्धारित हैं। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के पालकों को ऑफलाइन मोड में आवेदन जमा करना होगा। आवेदन के साथ कुछ जरूरी दस्तावेज भी संलग्न करने होंगे, जिसकी जानकारी शिक्षक हेमंत कुमार से प्राप्त किया जा सकता हैं।

# शहर की सफाई व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर के कई वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने से नालियों में गंदगी जमा हो रही है, जिससे जगह-जगह अस्वच्छता का माहौल बन गया है। लोगों का कहना है कि समय पर सफाई नहीं होने से बदबू और मच्छर बढ़ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कई क्षेत्रों में सफाई कर्मचारी नियमित



नहीं पहुंच रहे हैं जिससे नालियां जाम हो रही हैं और कचरा सड़कों व गलियों तक फैल रहा है। इंदिरा नगर वार्ड सहित कई अन्य पार्षदों ने भी सफाई को लेकर असंतोष जताया है। उनका कहना है कि लंबे समय तक सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नालियों की सफाई नहीं होने से संक्रमण फैलने की आशंका है। पार्षदों ने बताया कि सफाई व्यवस्था की खामियों को लेकर पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है और नियमित सफाई कराने की मांग की है किन्तु व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया है। बरसात के मौसम में जलभराव और गंदगी की समस्या और गंभीर हो सकती है। नागरिकों ने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने, नालियों की नियमित सफाई कराने की मांग की है।

# समाधि के दर्शन करने चंद्रगिरि तीर्थ पहुंचे नेता प्रतिपक्ष डॉ.महंत



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने गत दिनों चंद्रगिरि तीर्थ पहुंचकर इस युग के श्रेष्ठ संत 108 आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि के दर्शन किए। उन्होंने पहले चंद्रप्रभु के दर्शन बाद आचार्य श्री की समाधि के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया।

उन्होंने अपने भाव प्रकट करते हुए कहा कि अगली पूरे परिवार के साथ दर्शन करने आऊंगा। कमेटी के अध्यक्ष किशोर जैन एवं ट्रस्टी सूर्यकांत जैन ने नेता प्रतिपक्ष का तिलक लगाकर एवं जैन समाज का गमछा पहनकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक हर्षिता बघेल, पूर्व विधायक विनय जायसवाल, शाहिद भाई, जिला अध्यक्ष विपिन यादव, धनेश पाटिला, नरेश डाकलिया, थानेश्वर पाटिला, कमलजीत सिंह पिंटू, संध्या देशपांडे, पदम कोठारी, हरीश भंडारी, प्रदीप शर्मा, विवेक वासनिक, विष्णु सिन्हा, शेषनाथ सहित अन्य मौजूद थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खम्हन बने किसान मोर्चा के जिला प्रभारी



**सड़क अतरिया।** प्रदेश भाजपा कमेटी ने भाजपा नेता खम्हन ताम्रकार को कवर्धा जिला किसान मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया है। ताम्रकार ने अपने राजनीतिक सफर के शुरूवात किसान मजदूर से किया था। उन्होंने उन्हे अधिकार दिलाने तथा परेशानियों को दूर करने का प्रयास किया। उनकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपा गया है। श्री ताम्रकार के कवर्धा किसान मोर्चा का प्रभारी बनाने पर सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, ज्योति जंघेल, डोमारसिंह भेड़िया, बालकिशन जंघेल, दूजेराम वर्मा, लोमश वैष्णव, महेश जैन, लालचंद पटेल, दिवाकर सोनी, बोधन मेरावी, केशलाल मंडावी, भीखु हिरवानी, खेलन वर्मा, शिव पटेल, प्रकाश वर्मा, तामेश्वर जंघेल, रमेश जंघेल, पवन पटेल, विशम्भर पटेल आदि ने बधाई दी है।

### चरमराई समूची प्रशासनिक व्यवस्था

**डोंगरगढ़।** शहर के महत्व और पर्यटन की संभावना को देखते हुए राज्य एवं केन्द्र सरकार प्रयास कर रही है किन्तु करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद भी इसका फायदा होता नहीं दिख रहा है। करोडों की लागत से बनाया गया अंडरब्रिज आज भी सुविधा विहीन है। मंदिर परिसर पर नगर पालिका के माध्यम से बनी दुकाने खंडहर हो रही है। शहर से करीब एक किमी दूर बने सरकारी अस्पताल में उपचार की अपेक्षित सुविधा नहीं है। यहां आने वाले मरीजो को प्रथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया जाता है। अस्पताल की पार्किंग व्यवस्था चरमराई हुई है। अस्पताल में समय पर डॉक्टर नही पहुंचते है। इसी प्रकार विकासखंड षिक्षा अधिकारी कार्यालय लोगो की पहुंच से दुर हो गया है। अधिकारी स्कूलो में दौरा करने से परहेज करते है। महिला बाल विका एवं कृषि विस्तार कार्यालय में भी लोग पहुंच नहीं पाते है। उक्त कार्यलय न तो समय पर खुलते हैं और न समय पर अधिकारी कार्यालय पहुंचते हैं।

### योग शिविर 21 तक

**सड़क अतरिया।** आयुर्वेद औषधालय सड़क अतरिया ने पूर्व माध्यमिक शाला में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया है जो आगामी 21 जून तक चलेगा। बुधवार को भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना के पश्चात योगाभ्यास कराया गया। यह आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ सुशीला बंजारे एवं शिविर प्रभारी डॉ नरोत्तम नेताम के मार्ग दर्शन में रखा गया है। शिविर के पहले दिन बड़ी संख्या में महिला, पुरूष एवं बच्चे शामिल हुए। प्रशिक्षक उमेश जंघेल ने विभिन्न योग एवं प्राणायाम करने का तरीका एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। शिविर में मोतीलाल जंघेल, राधे मोहन, अश्वनी वैष्णव, सरपंच, पंच एवं ग्रामीण शामिल हुए।

### भाजपा पार्षद को अटल आवास खाली करने नोटिस

**डोंगरगांव।** नगर पंचायत के सभापति और भाजपा पार्षद लक्ष्मीनारायण सेन को मकान खाली करने का नोटिस थमाया गया है। नगर पंचायत की इस कार्रवाई के बाद भाजपा में खलबली मच गई है। इस मामले को लेकर विवाद गहराने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के सीएमओ ने गत 16 जून को अपने हस्ताक्षर से एक नोटिस क्रमांक/ अटल आवास/ न. पं. डों/ 2026- 27/ 694 जारी किया है। नोटिस में नगर पंचायत के भाजपा पार्षद लक्ष्मीनारायण सेन पिता गोकुल सेन पर बिना आबंटन के अटल आवास पर किए गए अवैध कब्जा को खाली करने कहा गया है। नोटिस के अनुसार लक्ष्मीनारायण पर आरोप है कि वह अटल आवास क्रमांक 61 में अनाधिकृत रूप से कब्जाकर निवास कर रहे हैं। उन्हे एक माह में आवास खाली करने या आवास आबंटन के संबंध में वैध दस्तावेज उपलब्ध कराने कहा गया है। नोटिस में यह भी उल्लेख है कि ऐसा नहीं करने पर नगर पंचायत द्वारा पुलिस बल एवं प्रशासन के सहयोग से आवास खाली कराया जाएगा।

# एडवर्ड पार्क और विवादित भूमि के दस्तावेज खंगाल रहे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजनांदगॉव कवर्धा मेन रोड पर सिविल कोर्ट के सामने एडवर्ड पार्क, खसरा नंबर 167, 169 और 170, नजूल प्लॉट नंबर 114 और 115 मे अवैध प्लाटिंग से जुड़ा बहुचर्चित जमीन विवाद मे केवल रजिस्ट्री, नामांतरण और प्लाटिंग की तह तक जाने की कवायद जिला प्रशासन द्वारा गठित जॉच समिति ने शुरू कर दी है।

पहले चरण में जमीन से जुड़े सारे नए पुराने दस्तावेजों को राजनांदगॉव भू अभिलेख शाखा से मंगाने के लिए पत्र जारी करने के अलावा आरआई और पटवारियों को रिकार्ड तलाशने लगाया गया है। वही टीएनसी को भी सारे नए पुराने अनापत्ति अनुमति को खंगालने कहा गया है। डिप्टी कमिश्नर से मिले दिशा निर्देशों के बाद पूरी समिति के सदस्य तत्परता से अपने अपने कामों को निर्धारित समय पूर्व पूरा करने जुट गए है। इस बीच यह भी पता चला है कि हर सप्ताह जॉच प्रगति को लेकर बैठक भी होगी जहॉ सदस्य अपने हिस्से की जॉच से समिति अध्यक्ष एडीएम को अवगत कराएंगे। पहले चरण मे जिला प्रशासन ने जांच का मुख्य बिंदु विवादित जमीन मूल रूप से निजी संपत्ति थी अथवा राज्य व सार्वजनिक उपयोग की भूमि है इसका पता लगाना है। नजूल अभिलेख, मूल खसरा, बंदोबस्त रिकॉर्ड, मेंटेनेंस खसरा, नामांतरण आदेश और बाद की सभी राजस्व प्रविष्टियों के अवलोकन से जमीन की वास्तविक स्थिति का पता लगने के बाद ही प्रशासन आगे की कारवाई तय करेगा।

### नांदगांव पहुंची जांच टीम

वही वर्ष 1974 की रजिस्ट्री अनुसार प्लॉट नंबर 114 और 115 को क्रमशः एडवर्ड पार्क और बाड़ी एडवर्ड पार्क बताया गया है, राजपरिवार से जुड़ी अवयस्क सदस्य के नाम हस्तांतरित किया गया। इस स्थिति मे यदि पार्क निजी संपत्ति सूची में नहीं थी तो हस्तांतरण किस दस्तावेज के आधार पर किया गया। पार्क विवाद में नजूल रिकॉर्ड और मेंटेनेंस खसरा को लेकर राजस्व विशेषज्ञों का मानना है कि केवल किसी रिकॉर्ड में नाम दर्ज होना अंतिम स्वामित्व का प्रमाण नहीं माना जा सकता। स्वामित्व का निर्धारण उस पूरी दस्तावेजी श्रृंखला से होता है जिसके आधार पर नाम दर्ज हुआ। यदि जांच में निजी संपत्ति, राज्य संपत्ति, नजूल भूमि और मेंटेनेंस खसरे के संबंध में कोई महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आता है तो उसका असर अन्य रियासतकालीन और सार्वजनिक प्रकृति की जमीनों पर भी पड़ सकता है।

### पुराने दस्तावेजों से होगा खुलासा

*15 दिसंबर 1947 को रियासतों के भारत संघ में विलय दौरान रियासत की प्रशासनिक सत्ता, सार्वजनिक संपत्तियां, राजकीय भूमि, खजाना और शासन संबंधी अधिकार सरकार को हस्तांतरित हो गया था और शासक परिवार की निजी संपत्तियों को अलग से चिन्हित कर अधिकृत सूची तैयार की गई, जिसे बाद में इन्वेंटरी ऑफ प्राइवेट प्रॉपर्टी कहा गया है और एडवर्ड पार्क विवाद में यही दस्तावेज सबसे महत्वपूर्ण है। सामने आए सूची में महाराज बाग, रानी बाग और रामानुज बाग जैसी कई संपत्तियों का उल्लेख मिलता है लेकिन एडवर्ड पार्क का नाम कही दिखाई नहीं देता। इसी वजह से अब मूल इन्वेंटरी, मर्जर एग्रीमेंट और रियासतकालीन अभिलेखों को फिर से खंगाला जा रहा है।*

**सूक्ष्मता से हो रही है जांच**

राजनांदगॉव भू अभिलेख शाखा से रिकार्ड खंगालने आरआई, पटवारी और कोटवारों को लगाया गया है। पूरे प्रकरण की सूक्ष्मता से जॉच हो रही है।
- **सुरेंद्र सिंह ठाकुर,** एडीएम व अध्यक्ष जॉच समिति

## आबकारी दफ्तर में मयकशी, वीडियो वायरल होते ही जांच के आदेश

# कलेक्टोरेट में छलका जाम, दो कर्मचारी सस्पेंड, जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में एक ओर जहॉ 17 से 26 जून तक अंर्तराष्ट्रीय नशा निवारण को लेकर लोगों को नशे से दूर रहने जागरूक किया जा रहा, संकल्प दिलाया जा रहा वही दूसरी ओर सबसे संवेदनशील प्रशासनिक परिसर कलेक्टोरेट में आबकारी कार्यालय से सामने आए एक वायरल वीडियो ने सरकारी कार्यालयों की कार्य संस्कृति और अनुशासन पर सवाल खड़ा कर दिया हैं।

वायरल वीडियो में परिसर स्थित जिला आबकारी कार्यालय के दो लिपिक संवर्ग कर्मचारी सुजीतपुरी गोस्वामी और वीरेंद्र सिंह यादव दिनदहाड़े कथित रूप से शराब का सेवन करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आते ही प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है और पूरे मामले की चर्चा जिलेभर में होने लगी है। वीडियो में विभाग के सहायक ग्रेड-3 गोस्वामी और मुख्य लिपिक यादव दिखाई दे रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि दोनों कर्मचारी कार्यालयीन समय के दौरान विभागीय परिसर में शराब पी रहे थे हालांकि वीडियो की आधिकारिक पुष्टि और जांच अभी बाकी है, लेकिन दृश्य सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी और सवाल दोनों बढ़ गए हैं। मामले ने इसलिए भी तूल पकड़ लिया है क्योंकि यह घटना उस विभाग से जुड़ी बताई जा रही है जिसकी जिम्मेदारी जिले में शराब के विक्रय, नियंत्रण और नियमों के पालन की निगरानी करना है। ऐसे में आम लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि यदि नियमों का पालन करवाने वाले विभाग के कर्मचारी ही कार्यालय परिसर में शराब सेवन करते नजर आएं तो व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब कुछ दिन पहले ही बीईओ कार्यालय से कर्मचारियों के शराब पीने का वीडियो वायरल हुआ था। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने सरकारी दफ्तरों में अनुशासन और जवाबदेही को लेकर नई बहस छेड़ दी है। इधर इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला आबकारी अधिकारी ने दो कर्मियों को निलंबित कर दिया है।



**जांच के निर्देश**

मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है। जिला आबकारी अधिकारी को जांच का निर्देश दिया हूॅ, जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
- **सुरेंद्र सिंह ठाकुर,** एडीएम

**दो कर्मी निलंबित**

न्यायालयीन काम से बाहर हूॅ, नियम विपरीत काम करने और कार्यालयीन मर्यादा का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कारवाई करते हुए दोनों को निलंबित कर दिया गया है।
- **अजय सिंह ध्रुव,** जिला आबकारी अधिकारी

### मर्यादा का उल्लंघन करने वालों पर होगी कारवाई

*कलेक्टर कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक केंद्र से जुड़े वीडियो ने मामले को और अधिक गंभीर बना दिया है। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर भी लोगों की तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं। कई लोगों का कहना है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि कठोर अनुशासनात्मक कदम उठाए जाने चाहिए ताकि सरकारी कार्यालयों में गलत संदेश न जाए।*

### जांच पर टिकी नजरें

*फिलहाल वायरल वीडियो ने जिला प्रशासन को असहज स्थिति में ला खड़ा किया है। अब सभी की नजरें जांच पर टिकी हैं कि वीडियो में दिख रहा दृश्य कहा तक सही हैं और प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है। यदि आरोपों की पुष्टि होती है तो यह मामला केवल दो कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सरकारी कार्यालयों में अनुशासन और निगरानी व्यवस्था पर भी बड़ा सवाल खड़ा करेगा। इधर इस मामले में आबकारी अधिकारी ने पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों कर्मचारी को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया है।*

# पंजीकरण शिविर आज से

## योजनाओं से जोड़ने विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

केंद्र सरकार के 12 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान अंतर्गत जिले में आज से 20 जून तक वृहद पंजीकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल द्वारा जारी आदेश अनुसार जिले में दो शिविर स्थलों का निर्धारण करते हुए उसके लिए नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है।

एसडीएम कार्यालय परिसर खैरागढ़ में आयोजित होने वाले शिविर में जनपद पंचायत के समस्त ग्राम पंचायतों, नगर पालिका परिषद के सभी वार्डों के नागरिक शामिल होंगे। इस शिविर के लिए एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू को नोडल अधिकारी, जनपद सीईओ हिमांशु गुप्ता और सीएमओ पुनीत वर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सामुदायिक भवन लकड़ी टॉल पास छुईखदान में आयोजित होने वाले शिविर में छुईखदान जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों, नगर पंचायत छुईखदान व गंड़ई के सभी वार्डों के नागरिकों को शामिल किया जाएगा। शिविर के लिए एसडीएम गंडई-छुईखदान अविनाश ठाकुर को नोडल अधिकारी, जनपद सीईओ केश्वरी देवांगन, नपं छुईखदान सीएमओ कुलदीप झा और नपं गंडई के सीएमओ अविनाश देवांगन को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शिविरों में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का पंजीयन, आवेदन, दस्तावेजों में त्रुटि सुधार, शिकायतों का निराकरण सहित योजनाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करेंगे तथा उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग प्रदान करेंगे। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने शिविरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने कहा है ताकि जिले के अधिक से अधिक नागरिक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

# सोमनी स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं शासन की मंशा से उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को अवगत कराया।

इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्प एवं मिठाई के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया तथा छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने हेतु प्रोत्साहित किया गया। अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा को जीवन में सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन जीडी ने किया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कृष्णा तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा ग्रामीण मंडल सोमनी के महामंत्री रमन सिंह राजपूत, सरपंच सोमनी, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उमेश साहू, अनंत राम श्रीवास एवं ईश्वर सार्वा, प्रधान पाठक श्रीमती खुमेश्वरी शर्मा, संकुल समन्वयक नरेश दुरुक्कर सहित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बच्चों में भयमुक्त वातावरण का निर्माण प्रमुख उद्देश्य

*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन कल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का उद्देश्य बच्चों के लिए भयमुक्त, आनंददायी एवं प्रेरणादायी वातावरण का निर्माण करना है, ताकि वे उत्साह एवं उमंग के साथ शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों एवं समुदाय की सहभागिता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।*

### गांव एवं जिले का नाम गौरवान्वित करें

*जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर गांव एवं जिले का नाम गौरवान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। उन्होंने राजनांदगांव जिले के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उदाहरण प्रस्तुत किया, जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है।*

# झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर संयुक्त दल ने की कार्रवाई, सीलबंद

- एसडीएम और बीएमओ की मौजूदगी में कार्रवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



विकासखंड स्तरीय जांच समिति ने ग्राम नर्मदा में संचालित एक कथित झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को सीलबंद कर दिया है। यह कार्रवाई ग्राम बाजार अतरिया निवासी श्रीमती मीना पाल द्वारा की गई शिकायत के आधार पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भक्कू चंदेल नामक व्यक्ति ग्राम नर्मदा में क्लीनिक संचालित कर एलोपैथिक उपचार कर रहा था। शिकायत मिलने पर 16 जून को एसडीएम अविनाश सिंह ठाकुर बीएमओ डॉ मनीष बघेल थाना प्रभारी एवं संयुक्त जांच दल ने क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक में एलोपैथिक दवाइयां, इंजेक्शन, नीडल, सिरिंज तथा अन्य चिकित्सा उपकरण पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित व्यक्ति के पास चिकित्सा व्यवसाय संचालित करने के लिए कोई वैधानिक डिग्री अथवा अधिकृत पंजीयन उपलब्ध नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति से उपचार करने का अधिकार केवल विधिवत पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सकों को है। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर विकासखंड स्तरीय संयुक्त टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को सीलबंद कर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे उपचार के लिए केवल पंजीकृत चिकित्सकों से ही संपर्क करें तथा अवैध चिकित्सा गतिविधियों की जानकारी प्रशासन को दें।

# एग्रीस्टैक और अटल मॉनिटरिंग पोर्टल प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




टीलएल बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में वृहद पंजीकरण शिविर की तैयारी, 21 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम, एग्रीस्टैक पोर्टल की प्रगति, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, नियाद नेल्लानार योजना, धान उठाव सहित शासन की विभिन्न प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियांवयन सहित आम जनता से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण का निर्देश दिया। बैठक में केंद्र सरकार के 12 साल पूरा होने पर संचालित विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान अंतर्गत जिले में आयोजित वृहद पंजीकरण शिविरों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि विशेष शिविर मे पात्र हितग्राहियों का विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पंजीयन किया जाएगा। आवेदन संबंधी त्रुटियों का निराकरण, दस्तावेज सत्यापन और योजनाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। कलेक्टर ने शिविर स्थलों पर पेयजल, विद्युत, बैठक व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एडीएम सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में विभागों की प्रगति व रैंकिंग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों को समय पर जानकारी अद्यतन करने और निर्धारित लक्ष्य अनुरूप काम में तेजी लाने कहा। उन्होने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की सतत निगरानी पोर्टल के माध्यम से की जा रही है, इसलिए सभी विभाग बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें। इसके अलावा जिले में धान उठाव की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शेष धान का शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित करने कहा वही संबंधित अधिकारियों से धान उठाव की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यो को पूरा करने कहा। बैठक में लंबित प्रकरणों के निराकरण व शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की समीक्षा दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने और विभागीय कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने कहा।

### योग दिवस आयोजन के तैयारियों की समीक्षा

*बैठक में 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, अधिकारियों कर्मचारियों व आम नागरिकों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश जारी करते हुए कहा कि योग दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण अवसर है इसलिए इसके प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरा किया जाए। बैठक मे एग्रीस्टैक पोर्टल की तहसीलवार प्रगति की समीक्षा करते हुए किसानों के पंजीयन, फार्मर आईडी निर्माण व भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि कृषि क्षेत्र में डिजिटल सेवाओं को मजबूत बनाने, किसानों को योजनाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध कराने एग्रीस्टैक पोर्टल का प्रभावी क्रियांवयन आवश्यक है।*

# ओबीसी मोर्चा की नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप साहू ने पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। मोर्चा के पदाधिकारियों को पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने बधाई दी है।

नपा अध्यक्ष डोंगरे ने कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन की मजबूती के लिए कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करें। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने नागरिकों को गमछा पहनाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, विनय बंसल, विनीत यादव, लक्ष्मी यादव, भागवत नामदेव, डीकेश राव, अनीश निर्मलकर, वीरेंद्र सोनी, लामेश्वर साहू, श्यामलाल वर्मा, कांति मौर्य, खोरबहारा सिन्हा, निकेश व्यास, चंद्रेश श्रीवास, जितेंद्र सिन्हा, भीषम साहू, दिनेश वैष्णव, चितरंजन साहू, शैलेष महोबिया, कमल निर्मलकर, अशोक साहू, संध्या यादव, ष खुशाल चक्रवर्ती, राकेश देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

## सार समाचार

### शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए महापौर



**राजनांदगांव।** नये शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पहले दिन स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाकर विद्यार्थियों को शाला प्रवेश कराने के तहत मोतीपुर स्कूल में महापौर मधुसूदन यादव के आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। प्रवेश उत्सव के दौरान महापौर ने वार्ड पार्षद मनोहर यादव की उपस्थिति में विद्यार्थियों को कापी पुस्तक एवं गणवेश का वितरण कर पढाई के लिए प्रोत्साहित किया। महापौर श्री यादव ने मोतीपुर स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर कर मुंह मीठा करा स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज के युग में पढाई का बहुत महत्व है। आज गांव गांव के बच्चे अच्छी पढ़ाई कर उच्च स्थान प्राप्त कर रहे है। सरकार भी उन्हें प्रोत्साहित करने शासकीय स्कूलो में निजी स्कूलो की तरह सुविधाए दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएमश्री योजना लाए है जिसमें बच्चों को आज के परिवेश के आधार पर पढाई कराई जा रही है, जहां गरीब बच्चे भी निजी स्कूलों की पढ़ाई के स्तर जैसे अध्ययन कर रहे है। महापौर श्री यादव ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए गणवेश एवं कापी पुस्तक का वितरण किया। शाला प्रवेश उत्सव अवसर पर मोतीपुर स्कूल के प्रधान पाठक सुधीर कुमार पवार सहित अध्यापक अनिता भोर, प्रतिभार सरजारे, उमाभारती टाक, शोभिता ठाकुर, हितेश कामडे तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### 27 को छात्रावास भवन का लोकार्पण

**राजनांदगांव।** निषाद समाज संस्कारधानी राजनांदगांव जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद के नेतृत्व में जिला संगठन के प्रतिनिधि मंडल महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद, मछुवारा समिति जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष छगन निषाद, सलाहकार बसंत निषाद, पूर्व संगठन सचिव पन्ना निषाद ने छात्रावास भवन सिंगदई राजनंदगांव लोकार्पण में शामिल होने पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। समाज के मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि निषाद समाज के आग्रह पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 27 जून को दोपहर 1 बजे सिंगदई चौक छात्रावास निषाद समाज भवन राजनांदगांव के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे। निषाद समाज लोकार्पण कार्यक्रम के तैयारी में जुट गए हैं।

### अग्रवाल सभा के सचिव बने लोहिया

**राजनांदगांव।** अग्रवाल सभा के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने समाजसेवी एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक तथा शैक्षणिक संस्थाओं से



जुड़े सक्रिय कार्यकर्ता अशोक लोहिया को अग्रवाल सभा का सचिव मनोनीत किया है। इस मनोनयन की घोषणा के बाद समाजजनों, इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का वातावरण है। अशोक लोहिया लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान देते आ रहे हैं। वर्तमान में वे श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के संरक्षक, सरस्वती साहित्य प्रचार समिति छत्तीसगढ़ के प्रांतीय उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष, रामायण संघ ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष, जिला ग्राम भारती (ग्रामीण सरस्वती शिशु मंदिर) के उपाध्यक्ष तथा जिला भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ मीडिया प्रभारी के रूप में दायित्व निभा रहे हैं।

### यदु को मिला रक्तवीर का अवार्ड

**राजनांदगांव।** बालाजी ब्लड बैंक द्वारा आयोजित रक्तदान एवं मानवता की सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुरुषोत्तम यदु को रक्तदान



जागरूकता एवं रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने श्री यदु के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि छात्र युवा मंच के प्रयासों से दूर -दराज से आए अनेक लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका है तथा समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश संयोजक नागेश यदु, प्रदेश सह संयोजक माधव साहू , पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू, राजू साहू उपस्थित रहे ।

### आरसीए की क्रिकेट टीम जीती

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी और चंद्रपुर महाराष्ट के मध्य डे-नाईट व्हाइट बॉल पर 30-30 ओवर का मैच गोंदिया में साकेत पब्लिक स्कूल ग्राउण्ड में खेला गया। माईस्टीक एकेडमी के ग्राउण्ड में आयोजित था। अर्श खान ने टॉस जीतकर आससीए की पल्ले बाजी का निर्णय लिया। रूद्र और यूवी 22 रन पर पहला विकेट रूद्र के रूप में नमन मोडो ने आऊट किया। क्रमशः 21 रन युवराज साहू, परमेश्वर 29 रन, हर्ष खान कप्तान 10 रन ने योगदान दिया। पूरी टीम 20.4 ओवर खेलकर 123 रन बनाकर ऑल आऊट हो गई। 26 रन एक्ट्रा प्राप्त हुए। गेंदबाजी करते हुए चंद्रपुर की टीम 3 विकेट तिरबोरसिंग सार्वे, हसन हुमेशी 2 विकेट, ऋषि ठाकरे ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए वाईसीए चंद्रपुर महाराष्ट्र की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए वीरग वाधे 20 रन, अयान खान 22 रन, नमन नाहटे 29 रन का योगदान दिया। आरसीए की ओर गेंदबाजी करते हुए हर्ष 2 विकेट, पोषण विनायक 2 विकेट, राईट आर्म लेग स्पीनर धवल देवांगन 5 विकेट, मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार धवल देवांगन को दिया गया।

# शहर की स्कूल में पर्याप्त कमरे नहीं, बरामदे में पढ़ रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रदेश में शिक्षा सुधार, स्मार्ट क्लास, गुणवत्ता शिक्षा और स्कूल प्रवेश उत्सव के दावों के बीच राजनांदगांव शहर के एक सरकारी स्कूल की तस्वीर कई असहज सवाल खड़े कर रही है। यह कोई दूरस्थ आदिवासी अंचल या दुर्गम गांव का विद्यालय नहीं, बल्कि शहर के मध्य स्थित शासकीय डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र प्राथमिक शाला है, जहां नए शिक्षा सत्र की शुरुआत बच्चों के बरामदे में बैठकर पढ़ाई करने से हुई।

राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में शिक्षा की यह तस्वीर सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच की दूरी को उजागर करती है।

#### एक कमरे में चल रही पांच कक्षाएं

विद्यालय में पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त कक्ष उपलब्ध नहीं हैं। जानकारी के अनुसार एक ही कमरे में कई कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जबकि अनेक बच्चों को बरामदे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। गर्मी, उमस और बारिश के मौसम में यह व्यवस्था बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों के लिए चुनौती बन सकती है।



#### पूर्व पार्षद ने की डीईओ से शिकायत

अभिभावकों की शिकायत मिलने पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री विद्यालय पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षों की कमी, बरामदे में संचालित कक्षाएं, पेयजल और अन्य सुविधाओं का अभाव सामने आया। इसके बाद उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को पूरे मामले से अवगत कराते हुए तत्काल आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

#### पानी, शौचालय व पंखों की भी कमी

स्कूल की समस्या केवल कमरों तक सीमित नहीं है। यहां स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है और बच्चे हैंडपंप पर निर्भर हैं। पर्याप्त शौचालयों का अभाव है। कई स्थानों पर पंखे और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी जुगाड़ के भरोसे संचालित हो रही हैं। कुछ विद्यार्थियों को पुराने गणवेश और पुरानी पुस्तकों के साथ पढ़ाई करनी पड़ रही है।

#### कार्यक्रम हुए, समस्याएं अनदेखी रहीं

नए शिक्षा सत्र के पहले दिन प्रदेशभर में स्कूल प्रवेश उत्सव मनाया गया। कई स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया, मिठाइयां बांटीं और तस्वीरें खिंचवाईं। लेकिन इसी दौरान इस विद्यालय की बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी रहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा के नाम पर आयोजन तो हो रहे हैं, लेकिन विद्यालयों की वास्तविक जरूरतों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## मनमाने दाम पर खाद की बिक्री पर प्रशासन सख्त

# 129 उवर्रक दुकानों की जांच में 44 को नोटिस, नौ का लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

किसानों को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा खाद की कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा जिलेभर में सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्रामोदय कृषि संसार निजी रासायनिक उर्वरक विक्रय केंद्र, चिचोला रोड, छुरिया में निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया विक्रय किए जाने की शिकायत पर कृषि विभाग की टीम ने औचक जांच कर बड़ी कार्रवाई की है।

जांच के दौरान कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव के वाहन चालक श्री संजय कुमार सिन्हा को ग्राहक बनाकर उक्त प्रतिष्ठान में भेजा गया। वहां केंद्र के कर्मचारी श्री गोविंद तिवारी द्वारा श्री सिन्हा को यूरिया खाद 600 प्रति बोरी की दर से विक्रय किया गया तथा राशि फोन-पे के माध्यम से प्राप्त की गई। जांच में निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय किया जाना प्रमाणित पाया गया, जो उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन है।



#### 47 मीट्रिक टन खाद जब्त

अनियमितता पाए जाने पर कृषि विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान में उपलब्ध कुल 47.47 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक जप्त कर सुपुर्दगी में दिया गया तथा विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जप्त किए गए उर्वरकों में 6.05 मीट्रिक टन डीएपी, 15.57 मीट्रिक टन यूरिया, 10.85 मीट्रिक टन ट्रिपल सुपर फास्फेट, 12.50 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट एवं 2.50 मीट्रिक टन म्यूरेट ऑफ पोटाश शामिल हैं।उक्त कार्रवाई में अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव एस.एल. देशलहरे, उर्वरक निरीक्षक छुरिया जी.पी. सहाड़े तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुरेश ठाकुर उपस्थित रहे।

#### 129 खाद दुकानों का निरीक्षण

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए जिले में उर्वरक विक्रय केंद्रों की लगातार निगरानी एवं जांच की जा रही है। अब तक जिले के 129 उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 44 विक्रय केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, 12 केंद्रों में उपलब्ध उर्वरकों की जप्ती की कार्रवाई की गई है तथा 9 विक्रय केंद्रों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त गंभीर अनियमितता के 4 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं।

#### जारी रहेगी कार्रवाई

उन्होंने कहा कि किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध आगे भी कड़ी वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय किए जाने अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### छत्तीसगढ़ को गोवा में मिला कल्चरल टूरिज्म विनर अवॉर्ड



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पर्यटन के लिए गौरवपूर्ण क्षण उस समय आया, जब गोवा में आयोजित प्रतिष्ठित इंडिया टुडे टूरिज्म समिट एंड अवॉर्ड्स 2026 में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को "कल्चरल टूरिज्म विनर" अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के करकमलों से प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल एवं पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने राज्य की ओर से यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड ग्रहण किया।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड अध्यक्ष नीलू शर्मा, पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन और छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने पैनल डिस्कशन "हिडन इंडिया उभरते पर्यटन गंतव्य किस प्रकार घरेलू पर्यटन विकास को गति दे रहे हैं" में छत्तीसगढ़ पर्यटन की उपलब्धियों, संभावनाओं और नवाचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस पैनल चर्चा को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ पर्यटन परिवार, पर्यटन उद्योग से जुड़े हितधारकों तथा प्रदेशवासियों में हर्ष का वातावरण है। यह सम्मान राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि, पर्यटन संभावनाओं और पर्यटन विकास के प्रति सरकार एवं छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की प्रतिबद्धता का राष्ट्रीय स्तर पर मिला महत्वपूर्ण सम्मान है।

# किराना दुकान में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

किराना दुकान से पान मसाला सहित अन्य समाग्री की चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के मुताबिक सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी अशोक साहू ने 7 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम सिंघोला स्थित उनकी किराना दुकान को 6 जून की रात्रि लगभग 8 बजे बंद कर वे अपने घर चले गए थे। अगले दिन 7 जून को प्रातः लगभग 9 बजे दुकान खोलने पर दुकान का सामान बिखरा हुआ मिला तथा सीसीटीवी कैमरा टूटा हुआ था। दुकान का मिलान करने पर पान मसाला, गुटखा, सिगरेट के पैकेट, चिल्लर रकम एवं अन्य सामान चोरी होना पाया गया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस के अनुसार इस मामले में विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर एसी एवं फ्रिज मरम्मत का कार्य करने वाले जावेद सोलंकी, जुनैद अख्तर एवं हिरेंद्र यादव से पूछताछ की गई। आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी का सामान अपने किराये के मकान में छिपाकर रखना बताया।आरोपियों के कब्जे से चोरी के पान मसाला, गुटखा एवं सिगरेट, जिनकी कुल कीमत 53,132 रूपये है, बरामद कर विधिवत जब्त किया गया।

#### अवैध रूप से शराब ले जाते पकड़ा गया

**मोहला।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब ले जा रहे आरोपी को पकड़ा। जिससे 42 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। थाना अंबागढ़ चौकी पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध रूप से भारी मात्रा में देशी मदिरा का परिवहन कर रहा है। पुलिस टीम द्वारा मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर संदेही सीताराम साहू निवासी ग्राम गुंडरदेही को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 42 पौवा शोले देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई। पुलिस ने स्कूटी मोपेड में जब्त किया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## स्व. अभिलेख फाउंडेशन और क्रीड़ा भारती की पहल

# लिटिया में तीरंदाजी अकादमी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

क्रीड़ा भारती एवं स्व. अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की प्रतिभाओं को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से ग्राम लिटिया में आधुनिक तीरंदाजी अकादमी का शुभारंभ किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में छिपी प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।

अकादमी में खिलाड़ियों को आधुनिक रिकर्व एवं कंपाउंड जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के उपकरणों से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। तीरंदाजी केवल एक खेल नहीं बल्कि एक ऐसी विधा है जो एकाग्रता, अनुशासन, आत्मविश्वास, मानसिक संतुलन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का विकास करती है। यही गुण जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का आधार बनते हैं।ग्राम लिटिया की सरपंच श्रीमती लीला गोपीचंद गायकवाड़ ने इस पहल को ग्रामीण बच्चों के पारंपरिक तीरंदाजी कौशल को आधुनिक मंच प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने कहा कि इससे गांव के बच्चों को अपने हुनर को नई दिशा देने का अवसर मिलेगा।



#### हीरू ने संभाली कमान

अनुभवी तीरंदाजी प्रशिक्षक एवं डिप्लोमा कोच हीरु साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। वर्षों के अनुभव और तकनीकी दक्षता से परिपूर्ण श्री साहू खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों, लक्ष्य साधने की तकनीक, शारीरिक फिटनेस एवं प्रतियोगी तैयारी का प्रशिक्षण देंगे। उनका उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को केवल खिलाड़ी बनाना नहीं, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना है।

#### खेल संस्कृति को मिलेगा बढ़ावाः सुमीत उपाध्याय

क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय, जिलाध्यक्ष धीरज कन्नौजे, शिवम यादव, रजत खुटेल तथा प्रदेश अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्व. अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन का कहना है कि गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उचित मार्गदर्शन और संसाधनों की है। यह तीरंदाजी अकादमी ग्रामीण अंचल के बच्चों के सपनों को पंख देने का कार्य करेगी तथा भविष्य में अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

हर बीमारी का सही इलाज, हर हफ्ते आपके शहर "राजनांदगांव" में
आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लिनिक
राजनांदगांव मेडिकोज 7869899833, 8871626367
सतनाम भवन न्यू बस स्टैंड के पास, राजनांदगांव
डॉ. जयेश कुमार सोनी — हर मंगलवार | TUESDAY — जोड़ प्रत्यारोपण (जॉइंट रिप्लेसमेंट) एवं आर्थ्रोस्कोपी विशेषज्ञ सर्जन — समय: दोपहर 3:00 से 5:00
डॉ. आकाश बक्शी — हर शुक्रवार | Friday — हृदय रोग विशेषज्ञ — समय: दोपहर 2:00 से 4:00
डॉ. नवीन राम दारुका — हर शनिवार | Saturday — पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ — समय: दोपहर 2:30 से 3:30
डॉ. कुलदीप सिंह — नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ — समय: दोपहर 2:00 से 4:00
डॉ. रैनी अग्रवाल — हर बुधवार | Wednesday — IVF एवं कॉस्मेटिक गायनोकोलॉजी — समय: दोपहर 2:00 से 4:00 बजे
डॉ. आर. के. साहू — हर गुरुवार | Thursday — किडनी रोग विशेषज्ञ — समय: शाम 3:00 से 5:00
डॉ. सम्प्रीति सेंदूर — हर बुधवार पंजीयन — समय: दोपहर 1:00 से 2:00 — चर्म रोग, बाल एवं गुप्त रोग संबंधित सुविधाएं
आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल 97554 21861 , 0788-2990458
NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़ aarogyam hospital

## मांग: पोंड़ी को नगर पंचायत बनाने की मांग हुई तेज

# बढ़ती आबादी, विकास की जरूरतों के बीच ग्रामीणों ने उठाई उन्नयन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के प्रमुख और तेजी से विकसित हो रहे ग्राम पंचायतों में शामिल पोंड़ी को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों का मानना है कि बढ़ती आबादी, व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार और शहरी स्वरूप ग्रहण कर रहे इस क्षेत्र को अब नगर पंचायत के रूप में उन्नयन किया जाना चाहिए, ताकि विकास कार्यों को नई गति मिल सके। जिले में विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व में कई ग्राम पंचायतों का उन्नयन किया जा चुका है। हाल के वर्षों में नगर पंचायत पंडरिया को नगर पालिका परिषद का दर्जा दिया गया। वहीं इंदौरी ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाया गया।

इसके बाद अब पोंड़ी का नाम भी उन पंचायतों में प्रमुखता से लिया जा रहा है, जो नगर पंचायत बनने की पात्रता की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत की तुलना में नगर पंचायत को विकास कार्यों के लिए अधिक संसाधन और वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। नगर पंचायत बनने के बाद सड़क, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है।

साथ ही विभिन्न शहरी विकास योजनाओं का लाभ भी सीधे तौर पर मिलने लगता है। पंचायत चुनाव 2025 के आंकड़ों के अनुसार ग्राम पंचायत पोंड़ी में 42 सौ से अधिक मतदाता हैं। यदि पोंड़ी से लगे गांव लेंजाखार, पोंड़ीटोला और प्रभाटोला को सहमति के आधार पर प्रस्तावित सीमा में शामिल किया जाए, तो क्षेत्र की जनसंख्या नगर पंचायत गठन के लिए निर्धारित मानकों को पूरा कर सकती है। स्थानीय लोगों का तर्क है कि पोंड़ी अब केवल एक सामान्य ग्रामीण क्षेत्र नहीं रह गया है, बल्कि यहां व्यापारिक गतिविधियां और आबादी दोनों लगातार बढ़ रही हैं।

### नगर पंचायत के लिए जनसंख्या 5 से 20 हजार के बीच होना आवश्यक



छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत किसी क्षेत्र को नगर पंचायत घोषित करने के लिए उसकी जनसंख्या सामान्यतः 5 हजार से 20 हजार के बीच होना आवश्यक है। इसके साथ ही क्षेत्र का स्वरूप ग्रामीण से शहरी क्षेत्र में परिवर्तित होने की स्थिति में होना चाहिए और गैर कृषि कार्यों पर निर्भर आबादी का प्रतिशत भी अपेक्षाकृत अधिक होना चाहिए।

### पोंड़ी अधिकांश मानकों पर खरा उतर रहा

स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि पोंड़ी अधिकांश मानकों पर खरा उतरता दिखाई दे रहा है। यदि राज्य सरकार और नगरीय प्रशासन विभाग इस दिशा में पहल करते हैं तो क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिल सकती है। वहीं ग्रामीणों का मानना है कि नगर पंचायत बनने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और क्षेत्र की पहचान भी मजबूत होगी। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें राज्य सरकार पर टिकी हैं। लोगों को उम्मीद है कि पोड़ी की बढ़ती जरूरतों और विकास की संभावनाओं को देखते हुए शासन जल्द ही इस संबंध में सकारात्मक निर्णय ले सकता है।

# जेसीबी वाहन की ठोकर से युवक की दर्दनाक मौत, दो गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेंगाखार कला



शहर व ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटना से लोग घायल व अपनी जान गवां रहे है। वहीं गत दिनों 15 मई को ग्राम रेंगाखार कला-बहेराखार-साल्हेवारा मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रेंगाखार कला निवासी समीर कुम्भकार आयु 18 वर्ष, पिता अशोक कुम्भकार अपने दो अन्य साथियों के साथ मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 09 जेपी 0454 से बहेराखार की ओर जा रहा था।

बताया जाता हैकि ग्राम भिभोरी-बहेराखार मार्ग पर एक मकान निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन क्रमांक सीजी 08 बीई 6232 से उनकी मोटर सायकिल की टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि जेसीबी चालक द्वारा वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाने के कारण यह दुर्घटना हुई। हादसे में समीर कुम्भकार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके दोनों साथी भी चोटिल हुए।

तीनों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद समीर कुम्भकार को मृत घोषित कर दिया। सड़क दुर्घटना में घायल दोनों युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल कवर्धा रेफर किया गया है। जिस पर रेंगाखार पुलिस ने मामले में मर्ग क्रमांक 09/2026 एवं अपराध क्रमांक 12/2026 दर्ज कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की तथा आवश्यक सूचना एसडीएम बोड़ला को भेज दी है। इस दुखद घटना से रेंगाखार कला एवं आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## गन्ना भुगतान नहीं होने से किसान परेशान, राहत का इंतजार

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया क्षेत्र के किसानों ने सरदार वल्लभभाई पटेल शक्कर कारखाना में बेचे गए गन्ने का भुगतान समय पर नहीं मिलने पर चिंता जताई है। किसानों का कहना है कि गन्ना बिक्री के बाद भी भुगतान लंबित होने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के अनुसार वर्तमान समय खेती-किसानी की तैयारियों का है। खरीफ सीजन के लिए खाद, बीज और अन्य कृषि सामग्री की आवश्यकता है। इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई, फीस, घरेलू खर्च और अन्य जरूरी कार्यों के लिए भी धन की आवश्यकता होती है। ऐसे में गन्ना भुगतान नहीं मिलने से किसान स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि समय पर भुगतान नहीं मिलने के कारण उन्हें साहूकारों से ब्याज पर पैसा लेने की मजबूरी बन रही है। वहीं निजी दुकानदार भी उधार में कृषि सामग्री देने से बचते हैं या अधिक दरों पर सामग्री उपलब्ध कराते हैं, जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। क्षेत्र के किसानों ने शासन-प्रशासन और शक्कर कारखाना प्रबंधन से मांग की है कि लंबित गन्ना भुगतान शीघ्र जारी किया जाए, ताकि किसान समय पर कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन जुटा सकें और उन्हें कर्ज लेने के लिए मजबूर न होना पड़े।

# पौधरोपण अभियान का सांसद ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली संवर्धन के उद्देश्य से हरीतिमा द्वारा आयोजित वर्ष 2026-27 के पौधारोपण अभियान का शुभारंभ राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय के करकमलों से हरीतिमा सदन के समीप 11 नीम के पौधरोपण के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायी पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं मातृ सम्मान का संदेश दिया।




उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी है। सांसद ने हरीतिमा टीम द्वारा विगत आठ वर्षों से निरंतर, निस्वार्थ एवं निर्विवाद रूप से किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं संरक्षण के कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल बताया। उन्होंने टीम के सभी सदस्यों को उज्जवल भविष्य एवं निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं। हरीतिमा के संस्थापक सदस्य अजय लूनिया ने स्वागत भाषण में कहा टीम पिछले आठ वर्षों से बिना किसी मौसम की परवाह किए, सर्दी, गर्मी और बरसात में वर्ष के 365 दिन पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण के कार्य में सक्रिय रूप से जुटी हुई है। टीम द्वारा लगाए गए पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप लगाए गए पौधों का जीवित रहने का प्रतिशत अत्यंत संतोषजनक है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने हरीतिमा द्वारा वर्षों से नियमित रूप से संचालित किए जा रहे पौधारोपण एवं संरक्षण अभियानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन महेश सिंह ठाकुर द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सुनील दोषी ने व्यक्त किया।

# भुनेश्वर बने राजनांदगांव जिला प्रभारी, ओम बेमेतरा जिला सह प्रभारी व नरेंद्र-रोशन को मिली अन्य जिले की जिम्मेदारी

- भाजपा किसान मोर्चा की नई नियुक्तियों में कवर्धा के चार नेताओं पर प्रदेश नेतृत्व ने जताया भरोसा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा






भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश संगठन में जिलेवार प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्ति के साथ कवर्धा जिले के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय तथा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर की सहमति से जारी सूची में जिले के चार नेताओं को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे संगठन में कवर्धा जिले की भूमिका और प्रभाव बढ़ने की चर्चा है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर को राजनांदगांव जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया। किसान हितों के मुद्दों को लगातार प्रमुखता से उठाने वाले भुनेश्वर चंद्राकर को संगठन ने महत्वपूर्ण दायित्व सौंपकर उन पर विश्वास जताया है।

वहीं किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम यदु को बेमेतरा जिले का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने और किसानों के बीच सक्रिय भूमिका के कारण उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र मानिकपुरी को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले का सह प्रभारी बनाया गया है। संगठन को क्षेत्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोशन दुबे को भाजपा संगठन जिला भिलाई का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा की गई इन नियुक्तियों को किसान मोर्चा के विस्तार और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एक साथ चार नेताओं को दायित्व मिलने से कवर्धा जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। वहीं नियुक्ति के बाद नेताओं ने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा। किसान हितों के मुद्दों को प्राथमिकता देने के साथ संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में सक्रियता से कार्य किया जाएगा।

# मंच संचालन के लिए सम्मानित हुए महेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विकासखंड में 01 मई से 10 जून तक आयोजित सुशासन तिहार के दौरान उत्कृष्ट मंच संचालन एवं सभी शिविरों में शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए शिक्षक महेश सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री ठाकुर ने सुशासन तिहार के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रभावी एवं सुव्यवस्थित मंच संचालन कर कार्यक्रमों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार में मंच संचालन में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। उल्लेखनीय है कि महेश सिंह ठाकुर अब तक 200 से अधिक मंचों का सफल संचालन कर चुके हैं।

इनमें सुशासन तिहार, विकसित भारत संकल्प यात्रा, समाधान शिविर, जनसमस्या निवारण शिविर, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के आयोजन शामिल हैं। उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं प्रभावशाली मंच संचालन शैली के कारण उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# नए शिक्षा सत्र की शुरूआत पौधरोपण से की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

नए शिक्षा सत्र 2026-27 प्रारंभ 16 जून को हुआ। इस क्रम में ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुण्डा में नव शिक्षा सत्र के शुभारंभ में सरपंच हरेंद्र चंद्राकर के द्वारा कक्षा 6 वीं के नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात विद्यालय परिसर में एक बादाम का पौधरोपित कर सुरक्षित किया गया। वहीं सभी बच्चो से नियमित विद्यालय आने व अच्छी शिक्षा ग्रहण कर विद्यालय एवं गांव का नाम रौशन करने की बात कही गई।

साथ ही सभी लोगों से पौधरोपण करने की अपील की गई। इस प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डा हरेंद्र चंद्राकर के साथ उपसरपंच मुमताज खान, पंच वागिश चंद्राकर, गणेश सोलंकी, पन्नालाल साहू एवं लव साहू, प्रधान पाठक मोहन सिंह राजपूत, शिक्षक सुनील कुमार तिवारी, कलीराम चंद्राकर, सालिक राम यादव, राजेश कुमार सोनी के साथ ही सुशील कुमार गायकवाड़ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों की दी गई जानकारियां

# नशामुक्त भारत अभियान का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में तम्बाकू नियंत्रण समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 से 26 जून तक विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने की। उन्होंने अभियान से जुड़ी टीम को शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय को नशा मुक्त परिसर बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक कर नशा मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देना आवश्यक है। तम्बाकू नियंत्रण समिति की संयोजक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नशीले पदार्थों की मांग में कमी लाने हेतु संचालित राष्ट्रीय कार्ययोजना के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान-विकसित भारत की पहचान विषय पर तथा जिला समाज कल्याण विभाग, कबीरधाम के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस (26 जून) के अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित

उन्होंने बताया कि 17 से 26 जून तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत जागरूकता व्याख्यान, नारा लेखन, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, नशे के विरोध में मानव श्रृंखला, नशा मुक्त भारत की शपथ, नशा मुक्ति मित्र पंजीयन, सोशल मीडिया अभियान तथा अन्य जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

## भाजपा कबीरधाम सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक बने सोनी



**पंडरिया।** भाजपा ने संगठनात्मक विस्तार एवं सहकारिता गतिविधियों को मजबूत करने के उद्देश्य से संजय सोनी को भाजपा कबीरधाम सहकारिता प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। संजय सोनी लंबे समय से संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों एवं जनहित कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। नियुक्ति पर उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन के विश्वास पर खरा उतरने तथा सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने किसानों को सहकारी योजनाओं से जोड़ने और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने को अपनी प्राथमिकता बताया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम जारी

**कवर्धा।** आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (2026-27) में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर परीक्षा परिणाम विभागीय बेवसाईट पर जारी किये गये है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग लक्ष्मी पटेल ने बताया कि वेबसाइट पर विद्यार्थी अपना रोल नम्बर एवं मोबाईल नम्बर प्रविष्ट कर प्राप्तांक देख सकते है।

### मिलेगा निःशुल्क बिजली व 50 % छूट का लाभ

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी नए टैरिफ संशोधन के बीच कबीरधाम जिले के उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। जिले के गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहले की तरह मिलता रहेगा, जिससे बिजली दरों में हुई वृद्धि का असर बेहद सीमित हो जाएगा। कबीरधाम जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले कुल 54 हजार 886 उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक शासन द्वारा पूरी तरह से निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इस पूरी राशि का वहन राज्य सरकार स्वयं करेगी। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत योजना के अंतर्गत 93 हजार 10 घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक की बिजली खपत पर 50 प्रतिशत की भारी छूट मिलती रहेगी।

**प्रदर्शन: किसान, युवा और आम जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है सरकार: जायसवाल**

# बिजली दर में वृद्धि का जमकर विरोध, कांग्रेस ने घेरा विद्युत कार्यालय, मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में लगातार की जा रही वृद्धि, बढ़ती महंगाई, किसानों की उपेक्षा एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम ने जिलाध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन करते हुए बिजली कार्यालय का घेराव किया तथा मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी की विस्तृत बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने तथा भाजपा सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि जनता के हितों से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष को गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और बूथ-बूथ तक और अधिक तेज किया जाएगा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश की जनता पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। एक ओर आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार बिजली दरों में वृद्धि कर लोगों की जेब पर अतिरिक्त भार डाल रही है।

उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर थोपे गए बिजली दर वृद्धि के फैसले को कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी और इसके खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों ने किसानों की स्थिति को और अधिक कठिन बना दिया है। खेती-किसानी के महत्वपूर्ण समय में किसानों को खाद एवं बीज के लिए भटकना पड़ रहा है। युवा बेरोजगारी से परेशान हैं, महिलाएं महंगाई की मार झेल रही हैं और व्यापारी आर्थिक मंदी से जूझ रहे हैं। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। पूर्व प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आम आदमी का जीवन कठिन हो गया है। बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं पर भी जनता को अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों और जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष कर रही है तथा आगे भी मजबूती के साथ लड़ती रहेगी। पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में पूरी तरह असफल रही है।

रोजगार के अवसर लगातार घट रहे हैं और महंगाई बढ़ती जा रही है। बिजली दरों में बढ़ोतरी ने युवाओं एवं मध्यम वर्ग की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। युवा कांग्रेस जनता के साथ मिलकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी ने कहा कि खेती-किसानी के महत्वपूर्ण समय में किसानों को खाद, बीज और अन्य कृषि संसाधनों के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सिंचाई एवं बिजली की लागत लगातार बढ़ रही है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। भाजपा सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह असफल साबित हुई है।

पूर्व जिला अध्यक्ष होरी राम साहू ने कहा कि भाजपा सरकार केवल घोषणाओं की राजनीति कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है। बिजली दरों में वृद्धि कर सरकार ने आम जनता, किसानों और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर इस अन्याय के खिलाफ लगातार संघर्ष करेगी।




### पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के किए व्यापक इंतजाम

जिला कांग्रेस कमेटी के इस पूर्व निर्धारित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम को देखते पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने शहर कांग्रेस कार्यालय से रैली निकाली और स लोहारा नाका स्थित विद्युत कार्यालय पहुंचे। इस दौरान रैली के साथ पुलिस बल भी तैनात किया गया था। तत्पश्चात कांग्रेसियों ने कार्यालय का घेराव किया और पुतला दहन किया। जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कार्यालय की बैरिकेटिंग कर रखी थी

### भाजपा की प्रदेश सरकार पर जमकर गरजे कांग्रेस नेता व पदाधिकारी

शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। रोजगार के अवसर घट रहे हैं और महंगाई लगातार बढ़ रही है। बिजली दरों में वृद्धि ने युवाओं, छात्रों और मध्यम वर्ग की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। युवा कांग्रेस जनता के साथ मिलकर इस जनविरोधी नीति का विरोध करेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बिजली दरों में वृद्धि, महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की उपेक्षा ने भाजपा सरकार की वास्तविकता जनता के सामने उजागर कर दी है। कांग्रेस पार्टी गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और बूथ-बूथ तक पहुंचकर जनता के मुद्दों को उठाएगी तथा जनहित की लड़ाई को और अधिक तेज करेगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू, लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष सौखी साहू, कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, ठाठापुर रामपुर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन वर्मा आदि उपस्थित थे।

# गौ सेवा आयोग अध्यक्ष से अभद्रता, दो गिरफ्तार

## मोटर सायकल के कार से टकराने पर विवाद

- विवाद के बाद पत्थर से हमला करने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त विशेषर पटेल के साथ अभद्रता और हमले के प्रयास का मामला सामने आया है। कवर्धा के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में उनकी कार से एक मोटरसाइकिल टकराने के बाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।

आरोप है कि बाइक सवार दो युवकों ने नशे की हालत में गाली-गलौज करते हुए मारपीट का प्रयास किया तथा पत्थर उठाकर हमला करने की कोशिश की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल जिला मुख्यालय कवर्धा से अपने गृहग्राम रोहरा लौट रहे थे।

इस दौरान उनकी कार में चालक भी मौजूद था। ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में पीछे से आ रही एक मोटरसाइकिल कार से टकरा गई। हादसे के बाद वाहन रुकने पर बाइक सवार दोनों युवकों ने विवाद शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवकों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बदसलूकी की और पत्थर उठाकर हमला करने का प्रयास किया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान दोनों युवक नशे की हालत में पाए गए। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की और बाद में गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



### कार के अचानक ब्रेक लगाने से हादसा

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि कार के अचानक ब्रेक लगाने के कारण पीछे चल रही मोटरसाइकिल उससे टकरा गई थी। दुर्घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद और गाली-गलौज की स्थिति निर्मित हुई। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

### सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

घटना के बाद गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त है, इसके बावजूद शासन की ओर से अब तक कोई सुरक्षा गार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। श्री पटेल के अनुसार उन्होंने सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए कई बार शासन और संबंधित विभाग को पत्र लिखा है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। हालिया घटना के बाद उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

# अवैध देशी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- पंडरिया-मुंगेली मार्ग में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में अवैध मदिरा के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पंडरिया-मुंगेली मार्ग पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 59 नग देशी प्लेन शराब एवं एक दोपहिया वाहन जब्त किया गया है।

आबकारी विभाग ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश तथा जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह ध्रुवे के मार्गदर्शन में जिलेभर में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

इसी दौरान विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि शराब दुकानों से मदिरा खरीदकर उसे एकत्रित किया जाता है और आसपास के गांवों में अवैध बिक्री के लिए सप्लाई की जा रही है। सूचना के आधार पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोज राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर पंडरिया-मुंगेली रोड पर घेराबंदी की गई। जांच के दौरान बिना नंबर की ड्रीम नियो 110 दोपहिया वाहन को रोककर तलाशी ली गई।

वाहन में सवार रामबाबू सत्यम उर्फ राजा सोनवानी एवं द्वारिका गोयल, निवासी पंडरिया के पास से एक बोरी में रखी 59 नग देशी प्लेन शराब बरामद की गई। आबकारी विभाग के अनुसार जब्त शराब की अनुमानित बाजार कीमत 4,720 रुपये तथा दोपहिया वाहन की कीमत लगभग 35 हजार रुपये आंकी गई है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया जारी है।



### अवैध शराब कारोबार के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के धारण, परिवहन और बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई में विभाग की उड़नदस्ता टीम, आबकारी निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षक एवं आरक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कृषि कार्यशाला और मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा खेत बचाओ अभियान 12 साल विश्वास के, जनकल्याण के, के अंतर्गत कृषि कार्यशाला एवं कृषि मेले का आयोजन किया गया।

जिले में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 800 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कृषि क्षेत्र की नई तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक कृषि, आधुनिक कृषि तकनीकों एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि जैविक खेती अपनाने से मिट्टी की उर्वरता सुरक्षित रहती है, उत्पादन की गुणवत्ता में वृद्धि होती है तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने किसानों से जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि समृद्ध किसान ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक भूपेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष, कृषि कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ सुरेश चंद्रवंशी, राकेश तिवारी, अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ विशेषर पटेल, चैलेश्वर चंद्राकर, राजेंद्र चंद्रवंशी, भुनेश्वर चंद्राकर, रविन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक कवर्धा डॉ. सियाराम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।



# 21 को कवर्धा पीजी कॉलेज डोम में सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर कबीरधाम जिले में 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 स्वस्थ आयु के लिए योग के थीम पर किया जाएगा।

योग दिवस आयोजन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। यह आयोजन जिला प्रशासन कबीरधाम के तत्वावधान में पीजी कॉलेज डोम कवर्धा में प्रातः 7 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 का आयोजन स्वस्थ आयु के लिए योग" के थीम पर किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आयोजन संबंधी सारी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सामूहिक योग सत्र में भाग लेकर स्वस्थ राष्ट्र निर्माण की इस पहल में सहभागी बनें और योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

उल्लेखनीय है कि 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को प्रातः 7 बजे से व्यक्तिगत अथवा संस्था द्वारा पंजीयन कर कार्यक्रम के सफल संचालन उपरांत फोटो-वीडियो योग संगम पोर्टल पर अपलोड किए जा सकेंगे। तत्पश्चात वेब के माध्यम से ऑनलाइन प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा।

**सर्व युवा मित्र परिवार ने नगर पंचायत बोड़ला के सीएमओ को सौंपा ज्ञापन**

# जिम भवन को कब्जा मुक्त कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर के युवाओं की फिटनेस और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय संगठन सर्व युवा मित्र परिवार ने नगर पालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बोड़ला नगर में सर्वसुविधायुक्त जिम को पुनः सुचारू रूप से शुरू करने की पुरजोर मांग की गई है। सर्व युवा मित्र परिवार के प्रमुख सदस्यजीवन यादव ने बताया कि जिस जिम भवन को नगर के युवाओं के स्वास्थ्य लाभ के लिए खोला गया था, उसे नगर पालिका द्वारा वर्षों से किसी अन्य व्यक्ति को सौंप दिया गया है। वह व्यक्ति इस शासकीय भवन का उपयोग अपने निजी स्वार्थ के लिए कर रहा है। देखरेख के अभाव में लाखों रुपये का जिम का सामान पूरी तरह कबाड़ में तब्दील हो चुका है।

युवाओं ने बताया कि इस गंभीर विषय की जानकारी कवर्धा विधायक और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा को भी पूर्व में ज्ञापन के माध्यम से दी गई थी। बावजूद इसके, अब तक न तो भवन को कब्जे से मुक्त कराया गया है और न ही नई मशीनें लगवाई गई हैं। शासन-प्रशासन की इस उदासीनता के कारण बोड़ला नगर के युवाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।



### मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

युवाओं ने जिम के शासकीय भवन को तत्काल प्रभाव से निजी कब्जे से मुक्त कराए जाने, कबाड़ हो चुके सामानों को हटाकर जिम में आधुनिक और नई मशीनें स्थापित कराए जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि नगर पालिका प्रशासन द्वारा जल्द ही युवाओं की इन जायज मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो सर्व युवा मित्र परिवार उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से तरुण साहू,जीवन यादव, ईश्वर निर्मलकर, अन्नू खान, सुधांशु कश्यप, सियाराम साहू सहित सर्व युवा मित्र परिवार के अनेक युवा और नगरवासी उपस्थित रहे।

### अधिकारी का आश्वासन होगी जांच

ज्ञापन सौंपने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका अधिकारी प्रणव प्रधान ने युवाओं को आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि शिकायत और ज्ञापन के आधार पर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और जाँच रिपोर्ट के आधार पर जल्द से जल्द आगे की उचित कानूनी व प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

# सात कबाड़ी दुकानों पर पुलिस की छापामार कार्रवाई, दी गई चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए कबीरधाम पुलिस ने कबाड़ी व्यवसायियों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान कवर्धा शहर की सात कबाड़ी दुकानों में छापामार कार्रवाई कर कबाड़ सामग्री, अभिलेखों और खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेजों की सघन जांच की गई। पुलिस ने दुकानदारों को चोरी अथवा संदिग्ध सामान की खरीद-फरोख्त नहीं करने तथा प्रत्येक लेन-देन का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष शुक्ला एवं थाना प्रभारी कोतवाली योगेश कश्यप के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने दुकानों में रखी विभिन्न प्रकार की कबाड़ सामग्री का निरीक्षण किया तथा सामग्री के स्रोत के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधिकारियों ने कबाड़ी संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे किसी भी प्रकार का चोरी या संदिग्ध सामान न खरीदें और न ही उसका संग्रहण करें। साथ ही खरीदी गई सामग्री का पूरा रिकॉर्ड संधारित करने तथा सामान बेचने वाले व्यक्तियों की पहचान संबंधी जानकारी सुरक्षित रखने की हिदायत दी गई, ताकि आवश्यकता पड़ने पर पुलिस जांच में सहयोग मिल सके। एसडीपीओ आशीष शुक्ला ने बताया कि जिले में चोरी की घटनाओं और संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि चोरी के माल की खरीदी-बिक्री में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या चोरी के सामान के संबंध में तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस का मानना है कि चोरी के माल की खपत के रास्तों को बंद कर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है तथा जिले में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है।

## सार समाचार

### शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए महापौर



**राजनांदगांव।** नये शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पहले दिन स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाकर विद्यार्थियों को शाला प्रवेश कराने के तहत मोतीपुर स्कूल में महापौर मधुसूदन यादव के आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। प्रवेश उत्सव के दौरान महापौर ने वार्ड पार्षद मनोहर यादव की उपस्थिति में विद्यार्थियों को कापी पुस्तक एवं गणवेश का वितरण कर पढाई के लिए प्रोत्साहित किया। महापौर श्री यादव ने मोतीपुर स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर कर मुंह मीठा करा स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज के युग में पढाई का बहुत महत्व है। आज गांव गांव के बच्चे अच्छी पढ़ाई कर उच्च स्थान प्राप्त कर रहे है। सरकार भी उन्हें प्रोत्साहित करने शासकीय स्कूलो में निजी स्कूलो की तरह सुविधाए दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएमश्री योजना लाए है जिसमें बच्चों को आज के परिवेश के आधार पर पढाई कराई जा रही है, जहां गरीब बच्चे भी निजी स्कूलों की पढ़ाई के स्तर जैसे अध्ययन कर रहे है। महापौर श्री यादव ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए गणवेश एवं कापी पुस्तक का वितरण किया। शाला प्रवेश उत्सव अवसर पर मोतीपुर स्कूल के प्रधान पाठक सुधीर कुमार पवार सहित अध्यापक अनिता भोर, प्रतिभार सरजारे, उमाभारती टाक, शोभिता ठाकुर, हितेश कामडे तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### 27 को छात्रावास भवन का लोकार्पण

**राजनांदगांव।** निषाद समाज संस्कारधानी राजनांदगांव जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद के नेतृत्व में जिला संगठन के प्रतिनिधि मंडल महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद, मछुवारा समिति जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष छगन निषाद, सलाहकार बसंत निषाद, पूर्व संगठन सचिव पन्ना निषाद ने छात्रावास भवन सिंगदई राजनंदगांव लोकार्पण में शामिल होने पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। समाज के मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि निषाद समाज के आग्रह पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 27 जून को दोपहर 1 बजे सिंगदई चौक छात्रावास निषाद समाज भवन राजनांदगांव के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे। निषाद समाज लोकार्पण कार्यक्रम के तैयारी में जुट गए हैं।

### अग्रवाल सभा के सचिव बने लोहिया



**राजनांदगांव।** अग्रवाल सभा के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने समाजसेवी एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक तथा शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े सक्रिय कार्यकर्ता अशोक लोहिया को अग्रवाल सभा का सचिव मनोनीत किया है। इस मनोनयन की घोषणा के बाद समाजजनों, इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का वातावरण है। अशोक लोहिया लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान देते आ रहे हैं। वर्तमान में वे श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के संरक्षक, सरस्वती साहित्य प्रचार समिति छत्तीसगढ़ के प्रांतीय उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष, रामायण संघ ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष, जिला ग्राम भारती (ग्रामीण सरस्वती शिशु मंदिर) के उपाध्यक्ष तथा जिला भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ मीडिया प्रभारी के रूप में दायित्व निभा रहे हैं।

### यदु को मिला रक्तवीर का अवार्ड



**राजनांदगांव।** बालाजी ब्लड बैंक द्वारा आयोजित रक्तदान एवं मानवता की सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुरुषोत्तम यदु को रक्तदान जागरूकता एवं रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने श्री यदु के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि छात्र युवा मंच के प्रयासों से दूर -दराज से आए अनेक लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका है तथा समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश संयोजक नागेश यदु, प्रदेश सह संयोजक माधव साहू , पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू, राजू साहू उपस्थित रहे ।

### आरसीए की क्रिकेट टीम जीती

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी और चंद्रपुर महाराष्ट के मध्य डे-नाईट व्हाइट बॉल पर 30-30 ओवर का मैच गोंदिया में साकेत पब्लिक स्कूल ग्राउण्ड में खेला गया। माईस्टीक एकेडमी के ग्राउण्ड में आयोजित था। अर्श खान ने टॉस जीतकर आससीए की पल्ले बाजी का निर्णय लिया। रूद्र और यूवी 22 रन पर पहला विकेट रूद्र के रूप में नमन मोडो ने आऊट किया। क्रमशः 21 रन युवराज साहू, परमेश्वर 29 रन, हर्ष खान कप्तान 10 रन ने योगदान दिया। पूरी टीम 20.4 ओवर खेलकर 123 रन बनाकर ऑल आऊट हो गई। 26 रन एक्ट्रा प्राप्त हुए। गेंदबाजी करते हुए चंद्रपुर की टीम 3 विकेट तिरबोरसिंग सार्वे, हसन हुमेशी 2 विकेट, ऋषि ठाकरे ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए वाईसीए चंद्रपुर महाराष्ट्र की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए वीरग वाधे 20 रन, अयान खान 22 रन, नमन नाहटे 29 रन का योगदान दिया। आरसीए की ओर गेंदबाजी करते हुए हर्ष 2 विकेट, पोषण विनायक 2 विकेट, राईट आर्म लेग स्पीनर धवल देवांगन 5 विकेट, मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार धवल देवांगन को दिया गया।

# शहर की स्कूल में पर्याप्त कमरे नहीं, बरामदे में पढ़ रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में शिक्षा सुधार, स्मार्ट क्लास, गुणवत्ता शिक्षा और स्कूल प्रवेश उत्सव के दावों के बीच राजनांदगांव शहर के एक सरकारी स्कूल की तस्वीर कई असहज सवाल खड़े कर रही है। यह कोई दूरस्थ आदिवासी अंचल या दुर्गम गांव का विद्यालय नहीं, बल्कि शहर के मध्य स्थित शासकीय डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र प्राथमिक शाला है, जहां नए शिक्षा सत्र की शुरुआत बच्चों के बरामदे में बैठकर पढ़ाई करने से हुई।

राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में शिक्षा की यह तस्वीर सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच की दूरी को उजागर करती है।

#### एक कमरे में चल रहीं पांच कक्षाएं

विद्यालय में पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त कक्ष उपलब्ध नहीं हैं। जानकारी के अनुसार एक ही कमरे में कई कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जबकि अनेक बच्चों को बरामदे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। गर्मी, उमस और बारिश के मौसम में यह व्यवस्था बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों के लिए चुनौती बन सकती है।



#### पूर्व पार्षद ने की डीईओ से शिकायत

अभिभावकों की शिकायत मिलने पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री विद्यालय पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षों की कमी, बरामदे में संचालित कक्षाएं, पेयजल और अन्य सुविधाओं का अभाव सामने आया। इसके बाद उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को पूरे मामले से अवगत कराते हुए तत्काल आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

#### पानी, शौचालय व पंखों की भी कमी

स्कूल की समस्या केवल कमरों तक सीमित नहीं है। यहां स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है और बच्चे हैंडपंप पर निर्भर हैं। पर्याप्त शौचालयों का अभाव है। कई स्थानों पर पंखे और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी जुगाड़ के भरोसे संचालित हो रही हैं। कुछ विद्यार्थियों को पुराने गणवेश और पुरानी पुस्तकों के साथ पढ़ाई करनी पड़ रही है।

#### कार्यक्रम हुए, समस्याएं अनदेखी रहीं

नए शिक्षा सत्र के पहले दिन प्रदेशभर में स्कूल प्रवेश उत्सव मनाया गया। कई स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया, मिठाइयां बांटीं और तस्वीरें खिंचवाईं। लेकिन इसी दौरान इस विद्यालय की बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी रहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा के नाम पर आयोजन तो हो रहे हैं, लेकिन विद्यालयों की वास्तविक जरूरतों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### मनमाने दाम पर खाद की बिक्री पर प्रशासन सख्त

# 129 उर्वरक दुकानों की जांच में 44 को नोटिस, नौ का लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

किसानों को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा खाद की कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा जिलेभर में सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्रामोदय कृषि संसार निजी रासायनिक उर्वरक विक्रय केंद्र, चिचोला रोड, छुरिया में निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया विक्रय किए जाने की शिकायत पर कृषि विभाग की टीम ने औचक जांच कर बड़ी कार्रवाई की है।

जांच के दौरान कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव के वाहन चालक श्री संजय कुमार सिन्हा को ग्राहक बनाकर उक्त प्रतिष्ठान में भेजा गया। वहां केंद्र के कर्मचारी श्री गोविंद तिवारी द्वारा श्री सिन्हा को यूरिया खाद 600 प्रति बोरी की दर से विक्रय किया गया तथा राशि फोन-पे के माध्यम से प्राप्त की गई। जांच में निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय किया जाना प्रमाणित पाया गया, जो उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन है।



#### 47 मीट्रिक टन खाद जब्त

अनियमितता पाए जाने पर कृषि विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान में उपलब्ध कुल 47.47 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक जप्त कर सुपुर्दगी में दिया गया तथा विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जप्त किए गए उर्वरकों में 6.05 मीट्रिक टन डीएपी, 15.57 मीट्रिक टन यूरिया, 10.85 मीट्रिक टन ट्रिपल सुपर फास्फेट, 12.50 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट एवं 2.50 मीट्रिक टन म्यूरेट ऑफ पोटाश शामिल हैं।उक्त कार्रवाई में अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव एस.एल. देशलहरे, उर्वरक निरीक्षक छुरिया जी.पी. सहाड़े तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुरेश ठाकुर उपस्थित रहे।

#### 129 खाद दुकानों का निरीक्षण

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए जिले में उर्वरक विक्रय केंद्रों की लगातार निगरानी एवं जांच की जा रही है। अब तक जिले के 129 उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 44 विक्रय केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, 12 केंद्रों में उपलब्ध उर्वरकों की जप्ती की कार्रवाई की गई है तथा 9 विक्रय केंद्रों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त गंभीर अनियमितता के 4 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं।

#### जारी रहेगी कार्रवाई

उन्होंने कहा कि किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध आगे भी कड़ी वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय किए जाने अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### छत्तीसगढ़ को गोवा में मिला कल्चरल टूरिज्म विनर अवॉर्ड



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पर्यटन के लिए गौरवपूर्ण क्षण उस समय आया, जब गोवा में आयोजित प्रतिष्ठित इंडिया टुडे टूरिज्म समिट एंड अवॉर्ड्र्स 2026 में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को “कल्चरल टूरिज्म विनर” अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के करकमलों से प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल एवं पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने राज्य की ओर से यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड ग्रहण किया।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड अध्यक्ष नीलू शर्मा, पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन और छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने पैनल डिस्कशन “हिडन इंडिया उभरते पर्यटन गंतव्य किस प्रकार घरेलू पर्यटन विकास को गति दे रहे हैं” में छत्तीसगढ़ पर्यटन की उपलब्धियों, संभावनाओं और नवाचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस पैनल चर्चा को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ पर्यटन परिवार, पर्यटन उद्योग से जुड़े हितधारकों तथा प्रदेशवासियों में हर्ष का वातावरण है। यह सम्मान राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि, पर्यटन संभावनाओं और पर्यटन विकास के प्रति सरकार एवं छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की प्रतिबद्धता का राष्ट्रीय स्तर पर मिला महत्वपूर्ण सम्मान है।

## किराना दुकान में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

किराना दुकान से पान मसाला सहित अन्य समाग्री की चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के मुताबिक सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी अशोक साहू ने 7 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम सिंघोला स्थित उनकी किराना दुकान को 6 जून की रात्रि लगभग 8 बजे बंद कर वे अपने घर चले गए थे। अगले दिन 7 जून को प्रातः लगभग 9 बजे दुकान खोलने पर दुकान का सामान बिखरा हुआ मिला तथा सीसीटीवी कैमरा टूटा हुआ था। दुकान का मिलान करने पर पान मसाला, गुटखा, सिगरेट के पैकेट, चिल्लर रकम एवं अन्य सामान चोरी होना पाया गया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस के अनुसार इस मामले में विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर एसी एवं फ्रिज मरम्मत का कार्य करने वाले जावेद सोलंकी, जुनैद अख्तर एवं हिरेंद्र यादव से पूछताछ की गई। आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी का सामान अपने किराये के मकान में छिपाकर रखना बताया।आरोपियों के कब्जे से चोरी के पान मसाला, गुटखा एवं सिगरेट, जिनकी कुल कीमत 53,132 रूपये है, बरामद कर विधिवत जब्त किया गया।

### अवैध रूप से शराब ले जाते पकड़ा गया

**मोहला।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब ले जा रहे आरोपी को पकड़ा। जिससे 42 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। थाना अंबागढ़ चौकी पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध रूप से भारी मात्रा में देशी मदिरा का परिवहन कर रहा है। पुलिस टीम द्वारा मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर संदेही सीताराम साहू निवासी ग्राम गुंडरदेही को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 42 पौवा शोले देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई। पुलिस ने स्कूटी मोपेड में जब्त किया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## सोमनी स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं शासन की मंशा से उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को अवगत कराया।

इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्प एवं मिठाई के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया तथा छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने हेतु प्रोत्साहित किया गया। अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा को जीवन में सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन जीडी ने किया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कृष्णा तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा ग्रामीण मंडल सोमनी के महामंत्री रमन सिंह राजपूत, सरपंच सोमनी, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उमेश साहू, अनंत राम श्रीवास एवं ईश्वर सार्वा, प्रधान पाठक श्रीमती खुमेश्वरी शर्मा, संकुल समन्वयक नरेश दुरुक्कर सहित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

#### बच्चों में भयमुक्त वातावरण का निर्माण प्रमुख उद्देश्य

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन कल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का उद्देश्य बच्चों के लिए भयमुक्त, आनंददायी एवं प्रेरणादायी वातावरण का निर्माण करना है, ताकि वे उत्साह एवं उमंग के साथ शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों एवं समुदाय की सहभागिता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

#### गांव एवं जिले का नाम गौरवान्वित करें

जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर गांव एवं जिले का नाम गौरवान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। उन्होंने राजनांदगांव जिले के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उदाहरण प्रस्तुत किया, जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है।

### स्व. अभिलेख फाउंडेशन और क्रीड़ा भारती की पहल

# लिटिया में तीरंदाजी अकादमी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्रीड़ा भारती एवं स्व. अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की प्रतिभाओं को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से ग्राम लिटिया में आधुनिक तीरंदाजी अकादमी का शुभारंभ किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में छिपी प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।

अकादमी में खिलाड़ियों को आधुनिक रिकर्व एवं कंपाउंड जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के उपकरणों से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। तीरंदाजी केवल एक खेल नहीं बल्कि एक ऐसी विधा है जो एकाग्रता, अनुशासन, आत्मविश्वास, मानसिक संतुलन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का विकास करती है। यही गुण जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का आधार बनते हैं।ग्राम लिटिया की सरपंच श्रीमती लीला गोपीचंद गायकवाड़ ने इस पहल को ग्रामीण बच्चों के पारंपरिक तीरंदाजी कौशल को आधुनिक मंच प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने कहा कि इससे गांव के बच्चों को अपने हुनर को नई दिशा देने का अवसर मिलेगा।



#### हीरू ने संभाली कमान

अनुभवी तीरंदाजी प्रशिक्षक एवं डिप्लोमा कोच हीरु साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। वर्षों के अनुभव और तकनीकी दक्षता से परिपूर्ण श्री साहू खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों, लक्ष्य साधने की तकनीक, शारीरिक फिटनेस एवं प्रतियोगी तैयारी का प्रशिक्षण देंगे। उनका उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को केवल खिलाड़ी बनाना नहीं, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना है।

#### खेल संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा: सुमीत उपाध्याय

क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय, जिलाध्यक्ष धीरज कन्नौजे, शिवम यादव, रजत खुटेल तथा प्रदेश अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्व. अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन का कहना है कि गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उचित मार्गदर्शन और संसाधनों की है। यह तीरंदाजी अकादमी ग्रामीण अंचल के बच्चों के सपनों को पंख देने का कार्य करेगी तथा भविष्य में अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

### शहर की सफाई व्यवस्था चरमराई

**डोंगरगढ़।** शहर के कई वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने से नालियों में गंदगी जमा हो रही है, जिससे जगह-जगह अस्वच्छता का माहौल बन गया है। लोगों का कहना है कि समय पर सफाई नहीं होने से बदबू और मच्छर बढ़ रहे हैं।

कई क्षेत्रों में सफाई कर्मचारी नियमित नहीं पहुंच रहे हैं जिससे नालियां जाम हो रही हैं और कचरा सड़कों व गलियों तक फैल रहा है। इंदिरा नगर वार्ड सहित कई अन्य पार्षदों ने भी सफाई को लेकर असंतोष जताया है। उनका कहना है कि लंबे समय तक सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नालियों की सफाई नहीं होने से संक्रमण फैलने की आशंका है। पार्षदों ने बताया कि सफाई व्यवस्था की खामियों को लेकर पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है और नियमित सफाई कराने की मांग की है किन्तु व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया है। बरसात में जलभराव और गंदगी की समस्या और गंभीर हो सकती है।

## झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर संयुक्त दल ने की कार्रवाई, सीलबंद

- एसडीएम और बीएमओ की मौजूदगी में कार्रवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विकासखंड स्तरीय जांच समिति ने ग्राम नर्मदा में संचालित एक कथित झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को सीलबंद कर दिया है। यह कार्रवाई ग्राम बाजार अतरिया निवासी श्रीमती मीना पाल द्वारा की गई शिकायत के आधार पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भक्कू चंदेल नामक व्यक्ति ग्राम नर्मदा में क्लीनिक संचालित कर एलोपैथिक उपचार कर रहा था। शिकायत मिलने पर 16 जून को एसडीएम अविनाश सिंह ठाकुर बीएमओ डॉ मनीष बघेल थाना प्रभारी एवं संयुक्त जांच दल ने क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान क्लीनिक में एलोपैथिक दवाइयां, इंजेक्शन, नीडल, सिरिंज तथा अन्य चिकित्सा उपकरण पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित व्यक्ति के पास चिकित्सा व्यवसाय संचालित करने के लिए कोई वैधानिक डिग्री अथवा अधिकृत पंजीयन उपलब्ध नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति से उपचार करने का अधिकार केवल विधिवत पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सकों को है। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर विकासखंड स्तरीय संयुक्त टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को सीलबंद कर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे उपचार के लिए केवल पंजीकृत चिकित्सकों से ही संपर्क करें तथा अवैध चिकित्सा गतिविधियों की जानकारी प्रशासन को दें।